# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 30 मार्च 2025






# श्री नरेंद्र मोदी जी

माननीय प्रधानमंत्री
के करकमलों से

**₹ 33,700 करोड़ +**

की जन कल्याणकारी परियोजनाओं का

## लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्य प्रारंभ

छत्तीसगढ़ के विकास और समृद्धि की दिशा में बढ़ते कदम

**दिनांक** 30 मार्च 2025

**कार्यक्रम स्थल** मोहभट्ठा ग्राउंड , बिल्हा, बिलासपुर **समय** दोपहर 12:30 बजे

### लोकार्पण ₹2,830 करोड़

- रेलवे की 3 परियोजनाएँ ₹1,188 करोड़
- अभनपुर-मंदिर हसौद खंड में MEMU ट्रेन का शुभारंभ (वीडियो लिंक के माध्यम से)
- छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100% विद्युतीकरण
- सड़क अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹954 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 3 परियोजनाएँ ₹568 करोड़
- विद्या समीक्षा केंद्र, छत्तीसगढ़ का शुभारंभ ₹5 करोड़
- छत्तीसगढ़ में 130 पीएम श्री स्कूलों का शुभारंभ ₹114 करोड़

### शिलान्यास ₹15,117 करोड़

- रेलवे की 7 परियोजनाएँ ₹1,507 करोड़
- सड़क अवसंरचना की 1 परियोजना ₹322 करोड़
- ऊर्जा क्षेत्र की 1 परियोजना ₹9,791 करोड़
- तेल एवं गैस अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ ₹3,497 करोड़

### कार्य प्रारंभ ₹15,800 करोड़

- छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन (2x660 मेगावाट) SCTPP, कोरबा ₹15,800 करोड़

### गृह प्रवेश

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 3,00,000 लाभार्थियों का गृह प्रवेश



EEI Enlightening Future — The centre of Excellence — Excel Educational Institute — CA / CS / CMA / XI / XII

# EXCEL EDUCATIONAL INSTITUTE

Leading Commerce Institute of Central India for CA/CS/CMA/XI & XII

Since 2007

## OUR TOP 10 ALL INDIA RANKERS

Saina Agrawal — AIR-1 — (CA-Found. Nov.19) Junagarh (OD)
Rohit Soni — AIR-1 — (CPT/Found. Dec.14) Koriya (C.G.)
Bhramar Jain — AIR-1 — (CA-Final Nov.20) Raipur (C.G.)

Ayush Agrawal — AIR-2 — (CA-Found. May 18) Bolangir (OD)
Rohit Soni — AIR-2 — (CA-Final Nov.18) Koriya (C.G.)
Hardik Gandhi — AIR-3 — (CA-Found. Nov.18) Bhilai (C.G.)
Abhishek Jain — AIR-5 — (CA-Inter Nov.18) Vizianagaram (AP)
Raj Kumar Jain — AIR-5 — (CS-Exe. Dec.17) Raipur (C.G.)
Akhil Goenka — AIR-5 — (CA Found.- May 19) Bilaspur (C.G.)
Honey Agrawal — AIR-6 — (CA-Found.- Nov.18) Raipur(C.G.)

Vinita Vaid — AIR-6 — (CS Exe.- Dec.19) Sukma (C.G.)
Kanak Prabha Jethani — AIR-7 — (CS-Prof.- Dec.18) Raipur (C.G.)
Ansh Agrawal — AIR-8 — (CA-Found. Nov.18) Tilda (C.G.)
Bhramar Jain — AIR-8 — (CA-IPCC- May 17) Raipur (C.G.)
Astha Modani — AIR-8 — (CS-Exe. June 2021) Raipur (C.G.)
Amit Kumar Agrawal — AIR-9 — (CPT/Found. June 2012) Raigarh (C.G.)
Akash Agrawal — AIR-9 — (CA-Inter- Nov.19) Jagdalpur (C.G.)

Monu Agrawal — AIR-9 — (CPT/Found. Dec. 2012) Katabhanji (OD)
Darshan Doshi — AIR-9 — (CS Found.- Dec.17) Raipur (C.G.)
Ravi Shankar Sawadia — AIR-9 — (CA Inter- Nov.20) Raipur (C.G.)
Suyash Mal — AIR-10 — (CPT/Found. June-14) Baloda Bazar (C.G.)
Arun Agrawal — AIR-10 — (CS Exe.- Dec.17) Raigarh (C.G.)
Pratibha Patel — AIR-10 — (CS-Proff.- Dec.20) Raigarh (C.G.)

CA




CS

CMA

## ADMISSIONS OPEN...

# CA-FOUNDATION

SEPTEMBER 2025 ATTEMPT — Demo Classes from $2^{nd}$ to $5^{th}$ April 2025 — AVAIL EARLY BIRD OFFER On Admission Upto $31^{st}$ March 2025 @10%

## Admission also Open...

CA-FOUNDATION FASTRACK MAY 2025

CA-INTERMEDIATE JANUARY 2026 | CMA-FOUNDATION DECEMBER 2025 | CS-EET JULY 2025 | XI & XII (COMMERCE) SESSION 2025-26

COMPLETE GUIDANCE FOR CA-FOUNDATION SEPETEMBER 2025

COMPLETE GUIDANCE FOR CA-INTERMEDIATE JANUARY 2026

अब Graduation के बाद CA करना हुआ और भी आसान...
SCAN QR CODE AND WATCH COMPLETE VIDEO

Hostel Facility Available

## OUR SHINING STARS OF CA-FOUNDATION JANUARY 2025 EXAM

70% & ABOVE

Siddhi Bansal 80.5% Raj Khariar (OD)
Aditi Agrawal 79% Ambikapur (CG)
Bhawana Gupta 77.75% Titilagarh (OD)
Soumya Dewangan 77% Balodabazar (CG)
Rani Jain 76.25% Malkangiri (OD)
Rashi Kesharwani 75% Sarangarh (CG)
Dibyam Agrawal 74.75% Raipur (CG)
Hritika Makhija 74% Bemetara (CG)
Tanishk Gupta 74% Kawardha (CG)
Shourya Agrawal 72.75% Raigarh (CG)
Umang Jain 71.75% Bolangir (OD)
Nitya Jain 71.25% Raipur (CG)
Bhavya Balani 71% Raipur (CG)
Shreya Sharma 71% Jharsuguda (OD)
Drishti Jhawar 70.25% Raipur (CG)
Prateek Mishra 70.25% Raipur (CG)
Shubh Agrawal 70% Korba (CG)

## OUR SHINING STARS OF CA-INTERMEDIATE JANUARY 2025 EXAM (CLEARED BOTH GROUP)

65% & ABOVE

Swayam Sahu 80.67% -AIR-15 Raigarh (CG)
Sameer Patel 80.33%- AIR-17 Sakti (CG)
Rashi Dammani 76.33%-AIR-39 Rajnandgaon (CG)
Naman Lalwani 73.33% Raipur (CG)
Hiya Chandrakar 73% Raipur(CG)
Gaurav Sahu 72.67% Bhilai (CG)
Badal Jain 72.33% Bolangir (OD)
Rahul Aswani 72.33% Bilaspur (CG)
Aditya Agrawal 71.33% Pathalgaon (CG)
Chanchal Jain 69.5% Kesinga (OD)
Vaibhav Agrawal 68.33% Korba (CG)
Abhiraj Bajpai 68.17% Raipur (CG)
Riya Chandel 68% Jharsuguda (OD)
Prachi Jain 67.83% Bemetara (CG)
Ujjwal Agrawal 67.83% Raipur (CG)
Meethi Agrawal 67.33% Sarangarh (CG)
Devansh Shadija 67.17% Raipur (CG)
Umang Agrawal 67.17% Raipur (CG)
Jai Aditya Bardia 67% Raipur (CG)
Hemant Sahu 66.83% Raipur (CG)
Purva Shah 66.83% Raipur (CG)
Ayush Jain 66.17% Raipur (CG)
Kriti Agrawal 65.67% Baradwar (CG)
Pranjal Jain 65.67% Bolangir (OD)
Gauri Agrawal 65.5% Raipur (CG)
Harshita Jain 65.17% Raipur (CG)

## ग्रेजुएशन के बाद CA कैसे करें?

**Que. 1 डायरेक्ट एंट्री रूट क्या होता है?**

Ans. CA Course में 3 एग्जाम पास करनी होती है, पहला Foundation, दूसरा Inter एवं तीसरा Final. लेकिन डायरेक्ट एंट्री रूट में आपको CA Foundation का Exam नहीं देना होगा। अत: आपको सीधे Inter का exam देना होगा।

**Que. 2 डायरेक्ट एंट्री रूट के अंतर्गत C.A. बनने की प्रक्रिया क्या है?**

Ans. यदि आप कॉमर्स ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट हो तो आपके 55 प्रतिशत मार्क्स होने चाहिए, अगर आप किसी और कोर्स से ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट है जैसे कि BA., B.Sc., BBA आदि तो आपके 60 प्रतिशत मार्क्स होने चाहिए। यदि आपने CMA Inter या CS Executive पास किया हो तो भी आपको CA Inter मतलब डायरेक्ट एंट्री रूट में एडमिशन मिल जाएगा।

**Que. 3 ग्रेजुएशन करते हुए क्या मैं CA Inter के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता हूँ या रिजल्ट आने के बाद?**

Ans. जब आप ग्रेजुएशन फाइनल में आ जाते है तब आप अपना CA Inter के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

**Que. 4 मैंने 2025 में ग्रेजुएशन Final Year का Exam दिया है तो क्या मैं भी CA की तैयारी कर सकता हूँ।**

Ans. जी हाँ ! लेकिन आपको सबसे पहले January 2026 में होने वाले CA Inter की Exam के लिए 1 मई 2025 के पहले अनिवार्य रूप से अपना Registration CA Institute (ICAI) में Online करवाना होगा। यदि इस Registration में आपको कोई परेशानी होती है तो आप हमारी संस्था में व्यक्तिगत रूप से आकर या फोन (0771-4011100, 9522103000) के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**Que. CA करने में कुल कितना खर्च आएगा?**

Ans.

| CA करने में प्रतिवर्ष खर्च लगभग Rs.42,300 आएगा। | |
|---|---|
| CA– Inter Registration | Rs. 18200 /- |
| 4 Week ITSS Training | Rs. 13500/- |
| CA-Final Registration | Rs. 22000/- |
| 4 Week Advance Course on ITSS | Rs. 7500/- |
| (a) Total Estimated Cost (ICAI) | Rs. 61,200/- |
| (b) Total Coaching Fees | Rs. 180000/- (Approx.) |
| Total Cost | Rs. 2,41,200/- |
| Less: 2 Year Practical Training 's Stipend | (-) Rs. 72000/- |
| Total Exp. (4 Years) | Rs. 1,69,200/- |

**Que. हम CA का कोर्स एक्सेल ऍजुकेशनल इंस्टिट्यूट से ही क्यों करें ?**

Ans. मध्य भारत के प्रतिष्ठित संस्थान एक्सेल **ऍजुकेशनल इंस्टिट्यूट** के छात्र-छात्राओं ने कुल 3 बार संपूर्ण भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा 164 बच्चों ने ऑल इंडिया रैंक हॉसिल किया है। लगभग 16500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने हमारी इंस्टीट्यूट से कोचिंग लेकर सफलता प्राप्त की है, हाल ही में CA-FOUNDATION/INTER जनवरी 2025 के एग्जाम पासिंग पर्सेंटेज निम्न है :-

ANALYSIS OF CA-FOUNDATION PASS PERCENTAGE OF JANUARY 2025 EXAM — PASSING PERCENTAGE

| | No. of Candidates Appeared | No. of Candidates Passed | Pass Percentage |
|---|---|---|---|
| All Over India | 110887 | 23861 | 21.52% |
| Excel Educational Institute | 325 | 146 | 44.92% |

ANALYSIS OF CA-INTER PASS PERCENTAGE OF JANUARY 2025 EXAM — PASSING PERCENTAGE

| | Both Group | Group-I | Group-II |
|---|---|---|---|
| All Over India | 14.05% | 14.17% | 22.16% |
| Excel Educational Institute | 53.10% | 42.80% | 41.03% |

हमारे यहाँ FACE TO FACE एवं Online कोचिंग की सुविधा है। हमारी संस्था में सीए फाउंडेशन सितम्बर 2025 की नई बैच 2 अप्रैल से शुरू होगी, फेस टू फेस में सीमित सीटें होने की वजह से प्रवेश ''प्रथम आओ प्रथम पाओ'' के आधार पर होता है। फेस टू फेस में प्रवेश के लिए आज ही अपनी सीट सुरक्षित करें।

164 ALL INDIA RANKERS

16500+ SUCCESSFUL STUDENTS

Mode of Classes ▶ FACE TO FACE ▶ LIVE ONLINE ▶ RECORDED

## HIGHEST MARKS SCORED BY OUR STUDENTS IN

CA-FOUNDATION

| Accounts | Eco | Maths | Law |
|---|---|---|---|
| 98 | 99 | 99 | 91 |
| - Saina Agrawal - Ravi Sawadia | - Arman Agrawal | - Naman Lalwani - Anurag Agrawal - Mahima Chandwani | - Jasika Agrawal |

CA-INTERMEDIATE

| Cost A/c | Adv. A/c | Taxation | Law | FM & SM | Audit |
|---|---|---|---|---|---|
| 99 | 92 | 89 | 85 | 86 | 84 |
| - Kavita Goyal | -Aranav Agrawal | - Kanha Goyal | - Tanmay Rajkotiya | - Aman Dulani | -Veenu Mittal |

SUNDAY OPEN — TIMING : 9:30 AM TO 1:30PM

Address : "excel tower" Near Pachpedi Naka, Raipur (C.G.)

9926821000 | 7693921000 | 7582021000

website : www.exceledu.co.in — e-mail : eeiraipur@gmail.com

CONNECT WITH US — "Excel Educational Institute"

SCAN QR & FEEL FREE TO CONTACT US

ATUL PUBLICITY

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





परिजनों को मिलने आना होगा जंगल व सुरक्षित जगहों पर

# जारी है नक्सलियों का संहार
# फोर्स ने मारे 17 नक्सली

इसमें 11 महिलाएं भी

मारा गया झीरम कांड का हत्यारा

## 25 लाख का ईनामी एसजेडसीएम कुहड़ामी जगदीश भी मारा गया, झीरम कांड में शामिल था

## एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल 303 रायफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर बरामद

## डीआरजी सुकमा के तीन व सीआरपीएफ के एक जवान समेत 4 घायल

*सुकमा में शनिवार की सुबह हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में झीरम कांड में शामिल दरभा क्षेत्र का वांटेड माओवादी जगदीश उर्फ बुधरा भी मारा गया, जिस पर 25 लाख का ईनाम था। एनकाउंटर में 4 जवान घायल हुए हैं। सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं, बीजापुर में हुई मुठभेड़ में भी एक नक्सली को मार गिराया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान नक्सल अभियान पर निकले, जहां पहाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर रात भर इंतजार के बाद तड़के घेराबंदी की गई। दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई और बड़ी संख्या में फिर से नक्सलियों को मार गिराया गया।

एसपी सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि 28 मार्च को जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्रान्तर्गत गोगुंडा, नेन्डुम, उपमपल्ली आसपास के क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी सुकमा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 29 मार्च की सुबह 8 बजे से माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग हुई। 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इनमें 11 महिला नक्सली भी शामिल हैं। आईजी सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह और अन्य अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में ▶▶|शेष पेज 4 पर

इन पर था ईनाम




### इनकी हुई शिनाख्त

प्रारंभिक तौर पर अब तक 7 नक्सलियों की पहचान हुई है, जिनमें 25 लाख के इनामी दरभा डिविजन सचिव एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेम्बर) कुहड़ामी जगदीश उर्फ बुधरा निवासी पाउरगुडेम थाना पामेड़, एसीएम रोशन उर्फ भीमा पोडियम निवासी धुरगुड़ा थाना केरलापाल, केरलापाल एरिया कमेटी डीएकेएमएस अध्यक्ष (एसीएम) सलवम जोगी निवासी गगनपल्ली थाना एर्राबोर, डिवीजन सीएनएम अध्यक्ष (एसीएम) माड़वी देवे गड़गडीपारा थाना गादीरास, सुरक्षा दलम कमांडर (एसीएम) दसरी कोवासी निवासी कुतरोम थाना दरभा, पार्टी सदस्या हूंगी निलावाया थाना अरनपुर, प्लाटून मेडिकल टीम प्रभारी (पीएम) हिड़मे कोरमागोंदी थाना कुकानार के रूप में हुई है।

### हथियार, लांचर, बारूद बरामद

मुठभेड़ में मारे गए अन्य माओवादियों के शव की शिनाख्तगी की जा रही है। मुठभेड़ स्थल से एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक बरामद हुआ है। आईजी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसफ, आईटीबीपी, सीएफ एवं अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों के मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।

### नक्सलवाद पर एक और प्रहारः अमित शाह



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है।

### सुरक्षाबलों की बहादुरी, रणनीति और संकल्पशक्ति का प्रतीकः विष्णुदेव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता प्राप्त होने पर बधाई दी है।

### सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहतीः शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस सफलता पर जवानों को बधाई देते हुए कहा, वर्ष 2025 के मात्र 85 दिनों में अब तक 133 नक्सली मारे जा चुके हैं। यह प्रतिदिन का संकल्प है।

साथियों की कमी से जूझ रहा संगठन, परिजनों से मिलकर घर वापसी कर रहे लड़ाके इसलिए ...

## खौफ में नक्सली, लड़ाकों पर लगाई परिजनों से मिलने की सख्त पाबंदी

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि तत्काल

फोर्स के खौफ और नक्सलियों के लगातार सरेंडर से माओवादी संगठन खौफ में है। संगठन ने गांव में परिजनों से मिलने जाने पर पाबंदी लगा दी है। नक्सलियों को भय है कि गांव जाने पर या तो वे गिरफ्तार हो सकते हैं या समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं। लीडरों ने फरमान जारी किया है कि बेहद जरूरी होने पर परिजन जंगल में आकर लड़ाकों से मुलाकात कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में नक्सली अपने परिजनों से मिलने गांव में जाते थे। कुछ दिन बिताने के बाद वापस लौट आते थे लेकिन अब बदली हुई स्थिति व लगातार संगठन को हो रहे नुकसान को देखते हुए शीर्ष नक्सलियों ने फरमान जारी कर नक्सलियों के परिजनों से मिलने गांव जाने पर पाबंदी लगा दी है। जारी फरमान में परिजनों से मिलना आवश्यक है तो अब परिजनों को जंगल में या सुरक्षित स्थानों में आना होगा और मिलकर वापस जाना होगा। नक्सलियों को ▶▶|शेष पेज 4 पर

### वर्ष 2023 में केवल 130 नाबालिग व युवा हुए थे शामिल...

नक्सल संगठन 2025 में अब तक सौ से अधिक साथियों को खो चुका है जो बस्तर संभाग के अलग अलग जिले में हुए मुठभेड़ में मारे जा चुके है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में यह आकंड़ा 200 के पार हो चुका था। नक्सलियों से मिले पत्रों से इस बात का खुलासा हुआ है कि नक्सल संगठन में सर्वाधिक भर्ती कोरोना काल में हुई थी जिसका संख्या लगभग 3 सौ थी लेकिन इससे पूर्व तक हर वर्ष लगभग 5 सौ से अधिक लोगों को संगठन में शामिल किया जाता था। इसके बाद वर्ष 2023 में यह आंकड़ा सिमटकर 130 रह गया। वहीं इसके बाद पिछले लगभग दो वर्ष से नक्सल संगठन में नए लड़ाकों की भर्ती नहीं हो पाया है जिससे नक्सल संगठन चिंतित है।

# बिलासपुर के कारीगरों ने की आकर्षक लाइटिंग चढ़ने-उतरने वाले भक्तों की अलग रहेगी कतार




नवरात्रि आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

आज से नवरात्रि पर्व शुरू होने जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेशभर की माता मंदिरों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। ऐसी ही विशेष व्यवस्था राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी ट्रस्ट द्वारा की गई है। लाखों की संख्या में मंदिर पहुंचने वाले भक्तों के लिए इस बार चढ़ने एवं उतरने की अलग-अलत रास्ते निर्धारित कर दिए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा में तैनात होने वाले जवानों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। इसके साथ ही मंदिर की सजावट को विशेष बनाने के लिए बिलासपुर के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### घटना के बाद व्यवस्था बढ़ाई

ज्ञात हो कि पिछले नवरात्र में बम्लेश्वरी मंदिर में एक घटना में एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई थी। यही कारण है कि इस बार मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों के मंदिर जाने एवं वापस आने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित कर दिया है। डोंगरगढ़ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि भक्तों को इस बार मंदिर जाने के लिए जिग-जैग कतार में भेजा जाएगा। वहीं वापसी के लिए भी अलग से रूट तय कर दिया गया है। जिससे एक स्थान में अधिक भीड़ न जमा हो पाए।



## पुलिस ने दबिश देकर जब्त की एमपी की 27 लाख की शराब

# फार्म हाउस के तलघर में अवैध शराब की बाटलिंग यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

अवैध शराब का गढ़ बन चुके राजनांदगांव जिले में तस्करों ने बाटलिंग यूनिट का भी अवैध संचालन शुरू कर दिया है। डोंगरगढ़ के करवारी गांव के करीब एक फार्म हाउस के तल घर में संचालित अवैध बाटलिंग यूनिट में पुलिस ने छापामार कर मध्यप्रदेश की करीब 27 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। तस्करों द्वारा यहां मध्यप्रदेश से अवैध शराब की तस्करी करने के बाद इस बाटलिंग यूनिट में छत्तीसगढ़ का लेबल और सील लगाकर इसे बेचा जा रहा था। इस गोरखधंधे का खुलासा होने के बाद आबकारी महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस ▶▶|शेष पेज 4 पर



### आरोपी फरार

पुलिस की छापामार कार्रवाई के पहले ही फार्म हाउस से आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू पिता रमेश नेताम निवासी डोंगरगढ़ फरार हो गया था। पुलिस ने डोंगरगढ़ के कुछ इलाकों में दबिश देकर धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34, 2, 59 क आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया है।

### शराब में पानी मिलाने की आशंका

*फार्म हाउस में चल रहे अवैध बाटलिंग यूनिट में एमपी की शराब से यहां पानी मिलाकर उसे खाली बोतल में छग की सील और मुहर लगाकर बेचे जाने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शराब की जांच पड़ताल के लिए आबकारी महकमे को इसकी जानकारी दी है।*

### आरोपी की तलाश जारी

*फार्म हाउस में दबिश देकर 27 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की गई है। आरोपी द्वारा एमपी की शराब को खाली बोतल में भरकर उसमें छग की सील और मुहर लगाकर बेचा जा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार करने टीमें रवाना की गई है।*

*—मोहित गर्ग, एसपी*



**हमारी न्यायपालिका की साख पर अधजले नोट की कालिख लगी है। सच या साजिश, अभी इसका पता नहीं है। देश की सर्वोच्च अदालत सजग है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोट आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से देश का न्याय तंत्र हिला हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, उनके खिलाफ साजिश हो रही है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमिटी गठित कर दी है। ऐसे कई मौके आए हैं, जिसमें हमारी न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है। अधजले नोट मुद्दे के बहाने इंसाफ के संकट व न्यायिक सुधार पर आजकल का ताजा अंक...**

# जवाबदेह-भ्रष्टाचारमुक्त न्याय तंत्र कब?





विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन

राजनीतिक विश्लेषक एवं सॉलिसिटर

**सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमिटी गठित कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निलंबित कर दिया है और उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है।**

अगस्त, 2017 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कथित तौर पर ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने के कारण 60 बच्चों की मौत मामले में चिकित्सीय लापरवाही का आरोप झेल रहे डॉ. कफ़ील ख़ान को वर्ष 2018 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान जमानत देने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा आजकल सुर्खियों में हैं। जज के नाते अपने फैसलों की वजह से नहीं, बल्कि अपने आवासीय परिसर में मिले अधजले नोटों के चलते हर किसी की जुबान पर हैं। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोटों की गड्डियां आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से जनता के मन में न्यायिक तंत्र में अविश्वास बड़ा हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। हाई कोर्ट के जज को सभी लक्जरी सुविधाएं सरकार से मिलती हैं, ताकि वो लालचमुक्त हो निडर होकर न्याय कर सकें।

जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, व यह उनके खिलाफ साजिश है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमिटी गठित कर दी है। कमिटी में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति जी. एस. संधावालिया व न्यायमूर्ति अनु सिवारमन हैं। जांच पड़ताल के उपरांत रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय को दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निरस्त कर दिया है व उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है। यूं तो अभी कमिटी की जांच के परिणाम का इंतजार है, लेकिन इस पूरी घटना में हमारे न्याय तंत्र के उच्च स्तर पर व्याप्त कदाचार की बू आ रही है। भारतीय जनमानस में एक मान्यता है कि नेता, अफसर भ्रष्ट हो सकते हैं, लेकिन हमारे माननीय जज भ्रष्ट नहीं हो सकते। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक ही नहीं है, बल्कि नैतिक भ्रष्टाचार भी राजकीय तंत्र को खोखला कर रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब एक जज सवालों के घेरे में हैं, अनेक ऐसे मौके आए हैं, जिसमें न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है।

## चीनी मिल केस कनेक्शन

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से कथित नकदी बरामदगी ने उनके पिछले वित्तीय लेन-देन, विशेष रूप से 2018 सिंभावली चीनी मिल धोखाधड़ी मामले से उनके संबंधों की जांच को फिर से जिंदा कर दिया है। तब वर्मा को 97 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बनाया गया था। 14 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट के जज के आवास के एक स्टोर रूम में आग लगी थी, जहां पर कथित तौर पर उनके आवास परिसर से बड़ी मात्रा में अधजले नोट मिले थे। अभी यशवंत वर्मा के ख़िलाफ़ 'इन-हाउस' जांच प्रक्रिया जारी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने प्रस्ताव दिया है कि जस्टिस वर्मा को दिल्ली से हटाकर वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया जाए। हालांकि, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने फैसले पर आपत्ति जताई है, इसके बाद भी उन्हें इलाहाबाद भेजा गया है।

## इससे पहले भी कई मामले

10 अगस्त 2023 को ईडी ने हरियाणा के विशेष सीबीआई न्यायाधीश, सुधीर परमार को गिरफ़्तार किया, जिन्हें पहले अनुकूल फैसले के बदले में 5 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा पर आरोप लगे कि वे केवल अपनी पसंद के न्यायाधीशों पर ही ज़ोर देते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीश, आई.एम. कुद्दुसी पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को रिश्वत देने की साज़िश रचने का आरोप था, जिस मामले की सुनवाई खुद जस्टिस दीपक मिश्रा ने की थी। कुद्दुसी को सितंबर में कथित न्यायिक रिश्वतखोरी गिरोह में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शमित मुखर्जी की वर्ष 2003 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई गिरफ्तारी, जो कानूनी इतिहास में इस तरह की पहली गिरफ्तारी है, ने न्यायिक नैतिकता पर बहस छेड़ दी थी। वर्ष 1993 में जस्टिस रामास्वामी को 14 में से 11 आरोपों में दोषी पाया गया था। जज निर्मल यादव का 'कैश एट होम कांड' सभी को मालूम है। 29 मार्च को चंडीगढ़ के सीबीआई न्यायाधीश ने जज निर्मल यादव को दोष मुक्त किया है।

## चीफ जस्टिस से मार्मिक अपील

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, इस वर्ष मई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनसे निवेदन है कि वे एक जूडिशल ऑर्डर पास कर दें कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के दोषी न्यायाधीशों के साथ सामान्य नागरिक के समान कानूनी कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का ध्येय वाक्य में न्याय की जीत का विवरण है। सुप्रीम कोर्ट के चिन्ह (लोगो) में अशोक चक्र बना हुआ है, जिसके नीचे संस्कृत का श्लोक लिखा हुआ है - 'यतो धर्मस्ततो जयः' संस्कृत के इस श्लोक का अर्थ है 'जहां धर्म है, वहां जय (जीत) है'। क्या देश में न्याय की जीत हो रही है? क्या आमजन अपनी अदालतों से इंसाफ की उम्मीद रख पा रहे हैं? क्या इंसाफ के सौदे नहीं हो रहे हैं? क्या हमारी न्याय व्यवस्था खर्चीली नहीं होती जा रही है? क्या यह क्षेत्र अत्यधिक अव्यवस्थित नहीं है? क्या न्याय व्यवस्था साधारण आदमी को न्याय दे पा रही है? न्याय सिस्टम इतना पेचीदा है कि मुकदमेबाजी में अनेक घर बर्बाद हो जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तीर्थ सिंह ठाकुर ने राज्यों के उच्च न्यायालयों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कानून मंत्री की मौजदूगी में एक बार अपने मन की व्यथा व्यक्त करते हुए रोकर कहा था कि हम, 'जनता को न्याय नहीं दे पा रहे हैं'। उन्होंने न्यायपालिका में अधूरे रिक्त पदों पर भराई ना होने पर दुःख जताया था। न्याय तंत्र में जजों की करीब 60 फीसदी की कमी है। उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्तियों को पारदर्शी बनाने की जरूरत है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम की आवश्यकता महसूस हो रही है। कॉलेजियम को लेकर सरकार के साथ टकराव है।

## न्याय प्रणाली में अब तक सुधार के प्रयास

ई-कोर्ट परियोजना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई, टेली-लॉ कार्यक्रम, न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार, न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान और अध्ययन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, न्यायबंधु प्लेटफॉर्म और उमंग ऐप, प्रौद्योगिकी का उपयोग, न्याय प्रतिपादन और विधिक सुधार के लिए राष्ट्रीय मिशन, सरकार ने मध्यस्थता, पंचनिर्णय और लोक अदालतों जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्रों को मज़बूत किया है। वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 वाणिज्यिक विवादों में पूर्व-संस्थागत मध्यस्थता को अनिवार्य बनाता है, जिससे समाधान की गति बढ़ जाती है। मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने के लिए समयसीमा शुरू की है। मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सिविल और वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थता की सुविधा प्रदान करता है। लोक अदालतों से लंबित मामलों को कम करने में मदद मिली है। लंबित मामलों को कम करने तथा न्याय प्रदान करने में तेज़ी लाने के लिए कई कानूनों में संशोधन किया गया है। इनमें वाणिज्यिक न्यायालय (संशोधन) अधिनियम 2018, मध्यस्थता व सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 तथा आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2018 शामिल हैं।

## न्याय देने में चुनौतियां

न्याय तक पहुंच में असमानता, इंसाफ की प्रक्रिया जटिल, डिजिटल तकनीक का अभाव, लंबित मामलों की संख्या, न्यायिक रिक्तियां, इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, न्यायिक जवाबदेही का अभाव, न्याय तक पहुंच में बाधाएं, प्रतिनिधित्व और विविधता का अभाव, विशेषकर लिंग, जाति और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के संदर्भ में आदि। न्यायिक सुधारों में एक महत्वपूर्ण बाधा न्यायपालिका और न्यायालय के कर्मचारियों दोनों की ओर से नई प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को अपनाने का प्रतिरोध है। व्यवस्था के भीतर कई लोग पारंपरिक तरीकों के अभ्यस्त हैं, जो सुधारों को अपनाने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है। पर्याप्त धन की कमी न्यायिक सुधारों के कार्यान्वयन में एक बड़ी बाधा है। इससे डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने, नई सुविधाओं के निर्माण व न्यायिक प्रणाली के समग्र आधुनिकीकरण पर असर पड़ता है।

## आगे की जरूरतें

न्यायपालिका की स्वतंत्रता बढ़ाना, न्याय प्रणाली की निष्पक्षता में सुधार करना, न्याय की गति बढ़ाना, न्यायिक अवसंरचना विकास करना, न्यायिक रिक्तियों को भरना। न्यायिक सुधारों के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका के बीच सहयोग की आवश्यकता है। इन शाखाओं के बीच समन्वय की कमी एवं निर्णय लेने में देरी से सुधार प्रक्रिया में बाधा आती है। इसलिए कार्यपालिका और विधायिका के साथ समन्वय की आवश्यकता है। डिजिटलीकरण, ऑनलाइन केस फाइलिंग और एआई-सहायता प्राप्त केस प्रबंधन के लिए ई-कोर्ट परियोजना का विस्तार करना चाहिए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को मज़बूत करने, सचल विधिक क्लीनिकों का विस्तार करने तथा हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए टेली-लॉ जैसी पहल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और कानूनी जागरूकता के लिए लाइव स्ट्रीमिंग, क्षेत्रीय भाषा में निर्णय, शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वजनिक सहभागिता को संवर्द्धित किया जा सकता है। समय आ गया है कि न्यायपालिका को आत्म चिंतन का उद्घोष होना चाहिए।

# न्यायपालिका में पारदर्शिता पर उठते सवाल



दो टूक

रवि शंकर

वरिष्ठ स्तंभकार

भारत में 75 साल के इतिहास में कई ऐसे मौके आए हैं जब न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर नोटों में आग लगने की घटना ने एक बार फिर इस मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया।

इससे न्यायपालिका की साख को भी गहरा झटका लगा है। शायद यही वजह है कि पहली बार देश के प्रधान न्यायाधीश ने इस मामले से संबंधित प्रारंभिक रिपोर्ट और जले हुए नोटों के वीडियो सार्वजनिक किए। यह भी अच्छी बात है कि इस मामले की जांच के लिए तीन हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों की समिति बिना देर किए बनाई गई है। भारतीय न्यायपालिका लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करती है। लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। भारत में जहां न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोच्च माना गया है, वहीं पारदर्शिता की कमी कई बार संदेह और आलोचना का विषय बनती रही है।

## पहले भी कई मामले सामने आए

इस मामले का महत्व इसलिए बहुत ज्यादा है क्योंकि ऐसे समय में जब लोगों का अन्य सरकारी संस्थाओं से विश्वास उठ गया है, तब न्यायपालिका को बिल्कुल साफ-सुथरा दिखने की जरूरत है। पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज सौमित्र सेन ने संसद में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया के दौरान ही इस्तीफा दे दिया था। उन पर धन के दुरुपयोग का आरोप था। दिल्ली हाई कोर्ट के जज शामित मुखर्जी ने रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया था। सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पी.डी. दिनाकरण ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस्तीफा दे दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट जस्टिस वर्मा के आवास पर नकदी की जांच कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट को इस 17 साल पुराने मामले को ध्यान में रखना चाहिए। जस्टिस वर्मा केस ने इन पुराने घावों को फिर से कुरेद दिया है।

## सरकार-जनता की भूमिका नहीं

साफ है, न्यायपालिका में जवाबदेही की कमी और पारदर्शिता का अभाव इन समस्याओं को बढ़ावा देता है। वर्तमान में भारत में न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के तहत होती है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश ही नए न्यायाधीशों का चयन करते हैं। इसमें सरकार व जनता की कोई भूमिका नहीं होती, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठते हैं। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक करार दिया, जिससे सुधार की संभावनाओं पर विराम लग गया। न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाए जाने की बहस आज भी जारी है। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड के अनुसार 26 मार्च तक देश की अदालतों में चार करोड़ 54 लाख से ज्यादा मुकदमे विचाराधीन पड़े थे। इनमें 46.43 लाख से ज्यादा केस 10



साल से ज्यादा पुराने हैं। यह मान लें कि औसतन एक मुकदमे में कम से कम दो या तीन व्यक्ति पक्षकार होते हैं तो देश में करीब 10 से 15 करोड़ लोग मुकदमेबाजी के शिकार हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते पांच साल के दौरान अदालतों में भ्रष्टाचार की 1631 शिकायतें दर्ज की गई हैं। शायद इस प्रकरण के निष्कर्ष भी बहुत जल्दी सार्वजनिक न किए जाएं, क्योंकि एक न्यायाधीश के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी, आपराधिक प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी है। बेशक संविधान के अनुच्छेद 124 (4 और 5) में प्रावधान हैं, जिनके तहत न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन यह भी इतना सपाट और आसान नहीं है। महाभियोग के जरिए सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाया जा सकता है, लेकिन संसद में आज तक महाभियोग का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। बहरहाल, यदि अब तीन न्यायाधीशों की जांच में जस्टिस यशवंत वर्मा पर आरोप साबित भी हो जाते हैं, तो वह रपट केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेजी जाएगी। मंत्रालय उस रपट को राष्ट्रपति को प्रेषित करेगा। सिफारिश स्वीकार होने पर राष्ट्रपति महाभियोग के लिए संसद को भेजेगा। संसद में महाभियोग प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है, तभी जज को हटाया जा सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति आज तक नहीं आई। हाई कोर्ट जज एक संवैधानिक पद है। महाभियोग के अलावा उच्च न्यायालय के जज के ख़िलाफ़ 'प्रिवेंशन ऑफ़ करप्शन एक्ट' के तहत कार्रवाई हो सकती है। पर, पुलिस ख़ुद से किसी जज के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज नहीं कर सकती। राष्ट्रपति को चीफ़ जस्टिस की सलाह लेनी होगी और उसके बाद तय करना होगा कि एफआईआर दर्ज हो सकती है या नहीं। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इन-हाउस जांच से अलग है। लेकिन अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं जहां जजों को आरोपों के बाद ट्रांसफर कर दिया गया था, लेकिन उन्हें कभी भी दोषमुक्त नहीं किया गया। इससे न्यायपालिका की छवि खराब होती है। सुप्रीम कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जस्टिस वर्मा के मामले में निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने आए। सुप्रीम कोर्ट को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लोगों का न्यायपालिका पर बहुत अधिक विश्वास है। अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार होता है, तो इससे लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। न्यायपालिका जिन चुनौतियों से जूझ रही है, उनके मद्देनजर जस्टिस वेंकटचलैय्या की सिफारिशों को लागू करने का यह सही समय हो सकता है, जिससे नियुक्ति में पारदर्शिता, न्यायिक जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित हो सकेगा। इसके लिए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग जैसी संस्था का गठन होनाा चाहिए, जिसमें न्यायपालिका के साथ-साथ कार्यपालिका और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी हो।

## 'न्यायिक परिषद' का गठन हो

न्यायाधीशों के आचरण की निगरानी के लिए 'न्यायिक परिषद' की स्थापना की जानी चाहिए। न्यायाधीशों को अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देना अनिवार्य तो किया ही जाना चाहिए, इसके साथ, एक स्वतंत्र 'न्यायिक लोकपाल' की नियुक्ति भी होनी चाहिए, जो न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कर सके। न्यायिक नियुक्तियों और न्यायाधीशों के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा होनी चाहिए। न्यायालयों में तकनीकी सुधार करने और ई-कोर्ट की स्थापना भी की जानी चाहिए, ताकि मुकदमों का निपटारा तेजी से हो सके। स्पष्ट है, न्याय में देरी, नियुक्ति प्रक्रिया की गोपनीयता और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस सुधार जरूरी हैं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए इसे अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। यही लोकतंत्र की असली गारंटी है।

# धीमी रफ्तार से न्याय-व्यवस्था बीमार



न्यायपालिका

डॉ. सुनील कुमार मिश्र

एसोसिएट प्रोफेसर, वीआईपीएस, नई दिल्ली

किसी भी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को जिंदा रखने में उस देश की न्यायपालिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। न्यायपालिका का सुदृढ़ होना न सिर्फ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है अपितु देश को किसी भी अराजक स्थिति से बचाने में यह रक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। सशक्त से अशक्त को न्याय दिलाने वाली न्यायपालिका का स्थान लोकतंत्र में काफी ऊंचा है, परन्तु न्याय की उम्मीद लिए आम जनमानस की इस अंतिम शरणस्थली में मिलने वाली प्रत्येक अगली तारीख पीड़ित की वेदना को बढ़ाने का कार्य करती है, और समय बीतने के साथ यह वेदना पीड़ित के न्यायपालिका में विश्वास का ह्रास करती जाती है। तारीख पर तारीख झेलने वाले अनगिनत मुकदमों में फैसला तब आता है जब उस फैसले का कोई औचित्य नहीं रह जाता क्योंकि इस दौरान पीड़ित व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुर्दशा की उस पीड़ा को झेलने को विवश होता है जो न्याय मिलने के बाद भी समाप्त नहीं होती है। न्याय के लिए साक्ष्य आवश्यक हैं, साक्ष्य के अभाव में न्यायालय से अनगिनत आरोपी सजा से बच निकलते हैं।

## सुधार की आवश्यकता

ऐसे में न्याय व्यवस्था पर प्रश्न खड़े करने से पहले हमें सामाजिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा करना चाहिए क्योंकि सामाजिक महिमामंडन एवं राजनीतिक संरक्षण रूपी कवच कई अवसरों पर आरोपी और साक्ष्य के बीच दूरी पैदा कर देता है जिससे न्याय प्रक्रिया भी लंबित हो जाती है। गम्भीर बीमारी बताकर जमानत प्राप्त करने वाला कोई धनाढ्य व्यक्ति अगले ही दिन जब कोई सार्वजनिक सभा में सम्मिलित हुआ दिखलाई देता है तो हमारी न्याय व्यवस्था हंसी के पात्र के रूप में दिखती है। वर्तमान में अदालतों को त्वरित रूप से कार्य सम्पादित करने के लिए कुछ सुधार की आवश्यकता है। कुछ सुधार संसाधन से जुड़े हैं तो कुछ इच्छा शक्ति पर निर्भर करते हैं, कुछ कार्य प्रबंधन से तो कुछ उपलब्ध कानून में बदलाव की मांग करते हैं। आज अदालतों के समक्ष कार्यभार प्रबंधन जैसी बड़ी चुनौती स्पष्ट रूप से दिखलाई देती है क्योंकि देश में बढ़ते अपराध एवं अदालतों की आधारभूत संरचना में काफी अंतर है। निचली अदालतों से लेकर सुप्रीमकोर्ट में लंबित केसों की संख्या में बढ़ोत्तरी कानून व्यवस्था के समक्ष मुश्किलें पैदा कर रही हैं। देश में साढ़े चार करोड़ से अधिक केस लंबित हैं, उनमें जजों की संख्या एवं आधारभूत संरचना न्याय प्रक्रिया की गति को बाधित करती हैं।

## उपलब्ध संसाधनों में कमी

निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट आने वाले मामलों का निपटारा समय से कर सके, इसके लिए अदालतों में मानव संसाधन बढ़ाने के साथ ही तकनीकी क्षमता भी बढ़ानी होगी जिससे न्याय प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सके। देश के 25 उच्च न्यायालयों में भी लंबित केस की संख्या काफी है जबकि उपलब्ध संसाधन में कमी दिखती है। विगत एक दशक में अदालतों में



आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ी है एवं आधारभूत संरचना में भी सुधार हुआ है परन्तु अभी भी 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश के लिए यह कम है। ऐसे में सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि अदालतों में आवश्यक मानव संसाधन एवं तकनीकी संसाधन की आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करे जिससे अदालतें अपना कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कर सकें। वीडियो कांफ्रेंसिंग से होने वाली सुनवाई प्रक्रिया भी दूर-दराज के क्षेत्र से जुड़े मामलों को गति प्रदान कर सकती है जिसके लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आवश्यक हो जाती है।

सामाजिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए न्याय व्यस्था का सुदृढ़ एवं सशक्त होना भी आवश्यक है। ऐसे में सरकार द्वारा किए गए संविधान संशोधन न्यायपालिका को और अधिक शक्ति प्रदान करें जिससे बदलते सामाजिक परिवेश में अदालतें न्याय सम्मत फैसला कर सकें। संसद एवं न्यायपालिका की दिशा का एक होना देशहित में है जबकि किसी प्रकार का मतभेद लोकतंत्र को कमजोर कर सकता है। इंदिरा गांधी के समय में जब सरकार ने संविधान का 24वां संशोधन किया था, तब संसद एवं न्यायपालिका के बीच टकराव की स्थिति देखी गई थी। इसके कुछ समय बाद ही केशवानंद भारती केस में एसएम सीकरी की अगुआई में 13 सदस्यीय बेंच ने अपने फैसले में कहा था कि सरकारें संविधान से ऊपर नहीं हैं, सरकार कानून में कोई बदलाव करती है तो अदालत को सरकार के उस फैसले की न्यायिक समीक्षा का अधिकार है। निश्चित रूप से न्यायसंगत कोई भी निर्णय स्वीकार्य होना चाहिए, एवं लोकतंत्र के सभी स्तम्भ सहगामी होने चाहिए जिससे राष्ट्र को और अधिक सशक्त किया जा सके। आज हम सामाजिक सुधारों की बात तो करते हैं परन्तु बात जब न्यायिक सुधार की होती है तो कभी-कभी न्यायपालिका का मौन कचोटता भी है क्योंकि सामाजिक सुधारों का रास्ता न्यायपालिका की पवित्र चौखट से होकर ही जाता है। सरकार सामाजिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठा रही है, यह प्रयास तभी फलीभूत होंगे जब कार्यपालिका एवं विधायिका के साथ ही न्यायपालिका में भी पारदर्शी व्यवस्था हो। राष्ट्रीय न्यायिक आयोग विधेयक 2014 इस दिशा में सरकार द्वारा बढ़ाया गया एक कदम था। जस्टिस वर्मा से जुड़े ताजा प्रकरण ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए शुरू हुई कालेजियम प्रणाली पर एक बार फिर से समाज में बहस छेड़ दी है, जिसे समाप्त करना प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त उन 4 न्यायाधीशों के विवेक पर निर्भर करता है जो वर्तमान कालेजियम का हिस्सा हैं।

## मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा

न्याय के सिंहासन पर बैठे न्यायाधीश से मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा की जाती है, जो न सिर्फ न्याय व्यवस्था के प्रति सम्मान का स्तर निर्धारित करती है अपितु इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। निचली अदालत हो या फिर उच्च न्यायालय, न्यायधीशों द्वारा की गई कोई भी टिप्पणी न्यायपालिका के आदर्शों को स्थापित करने वाली होनी चाहिए। विगत दिनों सुप्रीमकोर्ट ने इलाहबाद हाईकोर्ट द्वारा दुष्कर्म से जुड़े एक फैसले पर की गई टिप्पणी को न सिर्फ असंवेदनशील बताया अपितु इस प्रकार की टिप्पणी को कानूनी रूप से अव्यावहारिक भी कहा। दो वर्ष पहले कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा यौन हिंसा से जुड़े एक मामले पर की गयी टिप्पणी को भी सुप्रीमकोर्ट ने बेहद गैरजरूरी बताया था। निश्चित रूप से न्याय की उम्मीद में न्यायालय में बैठी पीड़िता पर जब ऐसी टिप्पणी की जाती है तो इससे न सिर्फ पीड़िता के जख्म हरे हो जाते हैं अपितु अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का मनोबल भी बढ़ता है, जो न तो न्याय व्यवस्था के लिए ठीक है न ही सामाजिक व्यवस्था के लिए।

29- MAR- City- MAIN- Pg- 5 FRINT_Layout 1 3/30/2025 12:57 AM Page 1

बिलासपुर, रविवार 30 मार्च 2025 | चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा | वर्ष : 25, अंक : 08 | पृष्ठ : 12+12 = 24 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# प्रधानमंत्री मोदी मोहभट्ठा आएंगे आज, राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री होंगे शामिल



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 30 मार्च रविवार को बिलासपुर आगमन हो रहा है। श्री मोदी बिल्हा के मोहभट्ठा में बुनियादी ढांचे के विकास और सतत आजीविका को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 33 हजार 700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री बिजली, तेल तथा गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं को राज्य व राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री की इस सभा में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव व विजय शर्मा सहित प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे।

- 33 हजार 700 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

*पिछले करीब 45 साल से चैत्र और शारदीय दोनों ही नवरात्रि के दौरान 9-9 दिनों तक उपवास रखते हैं मोदी*

# सिर्फ नींबू पानी पीकर रहेंगे पीएम मोदी, नवरात्रि का पहला दिन, इसलिए शुरू हो जाएगा 9 दिन का उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि खास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर के दौरे पर सिर्फ नींबू पानी पीकर रहेंगे क्योंकि उनका नवरात्रि का उपवास शुरू हो जाएगा। ध्यान रहे कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी के लिए नारियल पानी की भी व्यवस्था मंच के पीछे बने सचिवालय में की गई है। इसके लिए अलग से कार्यकर्ता और अधिकारी भी तैनात किए ▶▶|शेष पेज 4 पर

## नवरात्रि के 9 दिनों में 22 हजार किलोमीटर का सफर

चैत्र और शारदीय दोनों ही नवरात्रि के दौरान वह 9-9 दिनों तक उपवास रखते हैं। इस दौरान वह दिन में सिर्फ नींबू पानी पीते हैं। रात में वह एक बार फल लेते हैं। इसके बाद भी उनकी ऊर्जा में कोई कमी नहीं दिखती और उनकी राजनीतिक गतिविधियां सामान्य रहती हैं। भाजपा विधायक ▶▶|शेष पेज 4 पर



## 1991 में सोमनाथ से अयोध्या रथ यात्रा

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब लालकृष्ण आडवाणी ने 1991 में अयोध्या से सोमनाथ तक ऐतिहासिक रथ यात्रा निकाली थी तो उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात बीजेपी के महासचिव थे। उनके उपर गुजरात में आडवाणी की रथ यात्रा का प्रबंध का भार था लेकिन उस समय नवरात्रि थी। पीएम मोदी उस समय भी उपवास कर रहे थे और उपवास करते हुए गुजरात में इस रथ यात्रा का ऐतिहासिक प्रबंध किया था। जिसमें यह रथ यात्रा गुजरात के 600 गांवों से निकली थी लेकिन इस दौरान 9 दिनों तक उनके मुंह में पानी के सिवा एक तिनका भी नहीं गया इतना ही नहीं वे पूरे देश में रथ यात्रा के साथ बने रहे थे।

पीएम मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से की बात, भारत ने भेजा राहत दल

# म्यांमार में फिर भूकंप, 5.1 तीव्रता अब तक 1600 से अधिक की मौत

*म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है, जिससे कई इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। इसका केंद्र राजधानी नेपीडॉ के पास बताया जा रहा है। भारत ने भूकंप से राहत पहुंचाने के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत मेडिकल टीम फोर्स भेजी है। म्यमांर में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1644 पहुंच चुकी है।*

तबाही की तस्वीरें











हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैंकॉक/ नई दिल्ली

म्यांमार में भूकंप से देश के बड़े हिस्से में भारी तबाही हुई। शुक्रवार को भी म्यांमार में दो बार भूकंप के झटके आए थे। शनिवार को फिर धरती डोली, जिससे भारी तबाही हुई। लगातार आ रहे झटकों के कारण लोग सहमे हुए हैं और कई इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा 1644 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हैं। आने वाले समय में इसमें बढ़ोत्तरी हो सकती है। म्यांमा के पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भूकंप का असर दिखा और यहां कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 22 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में 101 व्यक्ति लापता हैं। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख सीनियर जनरल मिन आंग हलाइंग ने टेलीविजन पर कहा, मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि म्यांमा में कम से कम 144 लोगों की मौत हुई है जबकि 730 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

गौरतलब है कि शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने जताई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। मांडले में भूकंप से कई इमारतें ढह गई। थाईलैंड में भूकंप के झटके बैंकॉक महानगरीय क्षेत्र में महसूस किए गए।

## म्यांमार की मदद के लिए 'आपरेशन ब्रह्मा'

**नई दिल्ली।** बीते शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप से बुरी तरह से प्रभावित म्यांमार की तरफ मदद का हाथ बढ़ाते हुए भारत ने शनिवार तड़के 'आपरेशन ब्रह्मा' की शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से फोन पर बातचीत कर भारत की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना, नौसेना) के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें पूरी मुस्तैदी से ब्रह्मा अभियान में जुट गई हैं। वायुसेना के 5 विमान और नौसेना के 4 युद्धपोत अभियान में शामिल हैं। 29 मार्च को तड़के



तीन बजे उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरबेस से भारतीय वायुसेना का एक विशालकाय परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्युलिस 15 टन राहत सामग्री (टेंट, कंबल, तारपोलीन, किचन सेट, स्लीपिंग बैंग, खाने के पैकेट, जीवन रक्षक दवाएं, सोलर लैंप, जेनसेट) की पहली खेप के साथ यांगून पहुंच गया है।

## 30 मंजिला इमारत गिरी

उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है।

## अफगानिस्तान में भी डोली धरती

अफगानिस्तान में भी शनिवार सुबह 5:16 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जमीन से 180 किमी की गहराई में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.7 मापी गई। अभी तक किसी तरह के नुकसान या जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। यह भूकंप म्यांमार और थाईलैंड में आए शक्तिशाली भूकंप के एक दिन बाद आया है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और इमारतें, बौद्ध स्तूप, सड़कें और पुल बुरी तरह नष्ट हो गए।

## भारत से 118 सदस्यीय मेडिकल टीम रवाना

लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल के नेतृत्व में 118 सदस्यीय मेडिकल टीम म्यांमार के लिए रवाना की गई है। यह टीम एयरबोर्न एंजल्स टास्क फोर्स का हिस्सा है, जो इमरजेंसी के दौरान चिकित्सा और सर्जिकल सहायता प्रदान करने में ट्रेंड है। टीम के साथ जरूरी दवाएं भेजी गई हैं। म्यांमार में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में 60 बेड वाला ट्रीटमेंट सेंटर स्थापिति किया जाएगा. जिसके तहत इमरजेंसी सेवाएं दी जाएंगी।

# चुनाव से पहले मोदी ने किया था वादा, सरकार ने मिशन मोड में पूरी की गारंटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में चुनावी वादा के तौर पर मोदी की गारंटी की घोषणा की थी। राज्य सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरा फोकस मोदी की गारंटी को पूरा करने में लगाया। साय कैबिनेट की पहली बैठक में ही गरीबों के 18 लाख आवास निर्माण का निर्णय लेकर सरकार ने पहली गारंटी पूरी की थी। पीएम आवास योजना के तहत उन छूटे हुए लोगों के लिए आवास स्वीकृत करके की। प्रदेश की सबसे बड़ी गारंटी महतारी वंदन ▶▶|शेष पेज 4 पर

- अब तक प्रमुख घोषणाओं को सरकार ने पहनाया अमली जामा

## महतारी वंदन योजना

विधानसभा चुनाव के दौरान में महिलाओं के बंपर मतदान के चलते भाजपा सत्ता में आई। सरकार ने महिलाओं के लिए किए गए सबसे बड़े वादे महतारी वंदन योजना को पूरा करने में सरकार ने 70 लाख पंजीकृत महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए डालना शुरू किया। अब तक 11 से अधिक किश्त जा चुकी हैं। सरकार ने स्पष्ट कहा है कि महतारी वंदन की राशि हर हाल में महिलाओं को दी जाती रहेगी।

## 13 हजार करोड़ का पुराना बोनस दिया

दो साल के पुराने बोनस की राशि करीब 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किसानों को कर दिया है। वहीं सरकार ने किसानों से 3100 रुपए में धान खरीदी का वादा भी पूरा कर दिया। मोदी की गारंटी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस देने की घोषणा भी पूरी की जा चुकी है। राज्य सरकार में भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रुपए देने का वादा किया था उसे भी पूरा किया जा चुका है। मोदी की गारंटी योजना में की प्रमुख वादों को पूरा करने सरकार की ओर से लगातार प्रयासों के बीच अन्य वादों को भी पूरा किया जा रहा है। राज्य के बुजुर्गों और दिव्यागों के लिए बनाई कई रामलला दर्शन योजना भी प्रारंभ की जा चुकी है। दर्शन योजना को कांग्रेस सरकार में बंद कर दिया गया था। योजना के तहत स्पेशल ट्रेन के माध्यम से लोगों को अध्योध्या भेजा गया।

व्यापार वार्ता पर जताई आशा

# राष्ट्रपति ट्रंप ने की तारीफ कहा- मोदी बहुत अच्छे दोस्त

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वाशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'बेहद बुद्धिमान व्यक्ति' और अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' बताने के साथ ही कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलकर आएंगे।

## आपके पास एक महान प्रधानमंत्री

अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की तरफ इशारा करते हुए कहा, मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान प्रधानमंत्री है। प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी में अमेरिका का दौरा किया था और ट्रंप के साथ द्विपक्षीय चर्चा की थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने कई घोषणा की थी।

# मस्क ने 'एक्स को अपनी ही कंपनी एक्सएआई को बेचा 33 अरब डॉलर में



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने अपने स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' को अपनी ही कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचने की घोषणा की है। हिस्सेदारी अधिग्रहण के रूप में हुए इस सौदे में शामिल दोनों कंपनियां निजी तौर पर संचालित हैं।

इसका मतलब है कि उन्हें इस सौदे से जुड़े वित्तीय पहलू का खुलासा सार्वजनिक करने की ज़रूरत नहीं है। मस्क ने सोशल मीडिया ▶▶|शेष पेज 4 पर

## एक्सएआई और एक्स का भविष्य जुड़ा हुआ

मस्क ने कहा, एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। हम आधिकारिक तौर पर इनके डेटा, मॉडल, कंप्यूटर, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई ▶▶|शेष पेज 4 पर



## तरकश

संजय के दीक्षित

### 2500 करोड़ वेतन और लालफीताशाही

छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों, अधिकारियों के वेतन पर हर महीने खजाने का 25 सौ करोड़ रुपए खर्च बैठता है। सूबे में इस समय 3.84 लाख राज्य शासन के कर्मचारी, अधिकारी हैं, जिनमें 2.10 लाख शिक्षक हैं। 25 सौ करोड़ महीने के हिसाब से वेतन कैलकुलेट करें तो यह साल का 30 हजार करोड़ होता है। इसके बाद भी लालफीताशाही हॉवी है, तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। सिस्टम को इस पर मंथन करना चाहिए कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने के बाद भी छत्तीसगढ़ में वर्किंग कल्चर क्यों नहीं बन पाया। मध्यप्रदेश के समय राजधानी भोपाल बस्तर और सरगुजा से 900 किलोमीटर दूर था, फिर भी छत्तीसगढ़ के पटवारी, तहसीलदार और बाबू, अधिकारी उस समय निरंकुश नहीं हुए थे। स्कूल के मास्टर साहबों में इतनी स्वच्छंदता नहीं थी। बड़े लोगों के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे। तब जिले के कलेक्टरों का रुतबा होता था। कलेक्टर जिस दिशा में निकल जाए, उस इलाके में हड़कंप मच जाता था...सरकारी ऑफिस के लोग अलर्ट हो जाते थे। हालांकि, वर्किंग कल्चर बनाने विष्णुदेव सरकार ने कोशिशें शुरू की है, मगर चीजें इतनी बिगड़ चुकी है कि सरकारी प्रयास नाकाफी प्रतीत हो रहा। इसके लिए एक मुहिम चलानी पड़ेगी। ई-ऑफिस और अफसरों की टाईम से उपस्थिति सिर्फ मंत्रालय तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। दूरदराज के गांवों के स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में शिक्षकों और डॉक्टरों की मौजूदगी सुनिश्चित हो...टारगेट उस लेवल का रखना चाहिए। आखिर, महीने का 2500 करोड़ खर्च हो रहा वेतन पर।

### ब्यूरोक्रेसी में बहादुर अली

करप्शन को लेकर देश में बदनाम हो रहे छत्तीसगढ़ कैडर से चिंतित आईएएस एसोसियेशन ने कुछ दिन पहले अफसरों की एक अहम बैठक बुलाई थी। शाम पांच बजे के बाद हुई इस बैठक को काफी गुप्त रखा गया। मीटिंग को होस्ट करते हुए अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ और ऋचा शर्मा ने चिंता जताई उसका लब्बोलुआब यह था कि इतना छोटा कैडर होने के बाद भी दो-दो आईएएस अधिकारी इस समय जेल में हैं, उसके बाद भी कई अफसर बहादुर अली बने हुए हैं। अफसरों से कहा गया कि वे देश के सबसे प्रतिष्ठित सर्विस में हैं, उन्हें इसके मान-सम्मान का खयाल रखना चाहिए। एसोसियेशन की चिंता सही है। ईडी की बड़ी कार्रवाइयों के बाद भी अफसरशाही के तौर-तरीकों में कोई बदलाव नहीं आया है। अब तो मसूरी के आईएएस एकेडमी में छत्तीसगढ़ कैडर की चर्चाएं हो रही हैं...2010 तक छत्तीसगढ़ कैडर मिलने पर अफसर नाक-भौं सिकोड़ते थे, अब प्रायरिटी देकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। कारण आप समझ सकते हैं।

### करप्शन को संरक्षण

छत्तीसगढ़ कैडर की बदनामी को लेकर आईएएस एसोसियेशन चिंतित जरूर है मगर कैडर को पथभ्रष्ट करने में उनके पूर्वजों का बड़ा हाथ है। राज्य बनने के बाद मध्यप्रदेश से छांट कर छत्तीसगढ़ को टिकाए गए अधिकांश पुराने अफसरों ने दोनों हाथ से लूटा ही, किसी अफसर का कोई मामला फंसा तो उनके लिए ढाल बनकर खड़े हो गए। राधाकृष्णन माध्यमिक शिक्षा मंडल के एकाउंट से आठ करोड़ निकाल आराम से रिटायर होकर घर चले गए। आईएएस केडीपी राव ने जीएडी को इसकी रिपोर्ट भेजी मगर आईएएस लॉबी ने डीई-डीई खेलकर आज तक कोई एक्शन नहीं होने दिया। तत्कालीन खेल सचिव एमएस मूर्ति ने क्रिकेट स्टेडियम बनाने में घोटाले के नए प्रतिमान स्थापित किए। रेणु पिल्ले की जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सारे मुख्य सचिव गांधीजी के तीन बंदर की तरह इस पर आंख मूंदे रहे। एनटीपीसी के 500 करोड़ के मुआवजा प्रकरण में रायगढ़ के तत्कालीन कलेक्टर और एसपी ने दमदारी दिखाते हुए एसडीएम को सस्पेंड कराने के साथ एफआईआर दर्ज कराया था। कई महीने तक एसडीएम फरारी में रहे। कुछ दिनों पहले सिस्टम ने उन्हें क्लीन चिट दे दिया, वो भी तब जब उस समय के रायगढ़ के कलेक्टर, एसपी इस समय बेहद पावरफुल पोजिशन में हैं। अभनपुर के भारतमाला प्रोजेक्ट में 324 करोड़ के बंदरबांट मामले में जांच रिपोर्ट छह महीने पहले आ गई थी। अक्टूबर 2024 में राजस्व विभाग ने दो पटवारियों को सस्पेंड कर मामले को दबा दिया। मीडिया में जब यह मामला उछला तो फिर दो राप्रसे अधिकारियों को निलंबित किया गया। इसमें दो आईएएस की संलिप्तता सामने आ रही है कि, जिन्होंने दलालों के साथ मिलकर जमीन खरीदी और उसके टुकड़े कर करोड़ों रुपए का मुआवजा अंदर कर लिया...फिर भी सिस्टम आंख बंद किया हुआ है।

### ब्यूरोक्रेसी की कड़वी सच्चाई

ये अच्छी बात है कि आईएएस एसोसियेशन कैडर की शुचिता को लेकर गंभीर हुआ है। ऊंच-नीच देखने पर सीएम सचिवालय के अफसर आजकल फोन खड़का अफसरों को टोक दे रहे हैं। मगर ब्यूरोक्रेसी की कड़वी सच्चाई यह है कि साफ-सुथरी छबि के जो 20-25 परसेंट अफसर हैं, अपनी लाइन तो सही रखते हैं मगर भ्रष्ट अफसरों को टोकने और क्रीटिसाइज करने की बजाए उनके बचाव में उतर आते हैं...इससे अपचारियों को बल मिल जाता है। ये छत्तीसगढ़ ही नहीं, कमोवेश पूरे देश की स्थिति है। कैडर के साथियों के प्रति अति-अनुराग का ही नतीजा है कि शायद ही कोई राज्य बचा होगा, जहां के एकाध आईएएस जेल में न हों। अच्छे अधिकारियों को इस पर विचार करना चाहिए। जिसके जींस में करप्शन का वायरस घुस गया है, उन्हें तो इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि कितने साथी उनके जेल में हैं। मगर कम-से-कम नए अफसरों को सही रास्ता दिखाया जा सकता है।

### ऐसे भी आईएएस

ऐसा नहीं कि छत्तीसगढ़ की पूरी ब्यूरोक्रेसी दागदार हो गई है। छत्तीसगढ़ में कुछ ऐसे आईएएस भी हैं, जिनके पास अपना स्वाभिमान है और काम भी। एक जिला पंचायत की महिला आईएएस सीईओ पानी और फसल चक्र पर ऐसा काम कर रही कि उसका जवाब नहीं। उसी तरह एक छोटे जिले के कलेक्टर एक बड़े नगर निगम में कमिश्नर रहते ऐसे बड़े-बड़े काम कर डाले कि वहां के लोग आज भी याद करते हैं। पिछली सरकार में जब ब्यूरोक्रेसी के लोग काम करने का माहौल नहीं होने का रोना रो रहे थे, तब यंग आईएएस ने बड़े लोगों का कब्जा तोड़ 40 फुट नया रोड निकाल दिया। इसके लिए उन्होंने हाई कोर्ट जाने से भी गुरेज नहीं किया। अफसर ने कई गंदे तालाबों को रमणीक स्थल बना दिया...शहर को लाइट से ऐसा रौशन किया कि रायपुर भी उसके सामने फीका पड़ जाता है। इसी तरह एक प्रमोटी कलेक्टर का ग्राउंड पर इतना तगड़ा काम है कि सरकार उसे मॉडल के तौर पर पेश कर सकती है। सिस्टम को ऐसे अफसरों की लिस्टिंग करनी चाहिए कि कौन रीयल वर्कर है और कौन कागजी? जाहिर है, काम करने वाले अफसर एक हद से अधिक जी-हुजूरी करते नहीं। और कड़वा सत्य है कि सिस्टम को चाटुकारिता पसंद होता है। मामला यही पर गड़बड़ा जाता है। इससे नुकसान राज्य का होता है।

### पूर्णकालिक डीजीपी

अशोक जुनेजा के रिटायर होने के बाद सरकार ने अरुणदेव गौतम को कार्यकारी डीजीपी बना दिया है। मगर पूर्णकालिक पुलिस प्रमुख के लिए पेनल फायनल नहीं हो रहा। यूपीएससी से बार-बार क्वेरी आ जा रही। पेनल में पवनदेव, अरुणदेव गौतम और हिमांशु गौतम के साथ अब जीपी सिंह का नाम भी जुड़ गया है। जीपी सीनियरिटी में तीसरे नंबर पर हैं। याने हिमांशु से उपर। बहरहाल, सरकार को क्वेरी क्लियर कराकर जल्द पेनल मंगवानी चाहिए। क्योंकि, पूर्णकालिक डीजीपी का एक कांफिडेंस अलग होता है। हालांकि, अशोक जुनेजा 11 महीने तक कार्यकारी डीजीपी रहे थे। सितंबर 2021 में डीएम अवस्थी को हटाकर उन्हें एक्टिंग डीजीपी बनाया गया था। उसके बाद सितंबर 2022 में उनका पूर्णकालिक का आदेश हुआ। बहरहाल, अरुणदेव गौतम के लिए राहत की बात यह है कि नक्सल मोर्चे पर कामयाबी बदस्तूर जारी है। उनकी फोर्स ने 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मगर मैदानी इलाकों में स्थिति जस-की-तस बनी हुई है। रायपुर जहां पूरा सिस्टम बैठा है, वहां की हालत यह है कि इस हफ्ते एक महिला को इसलिए आत्महत्या करनी पड़ गई कि थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। महिला की मौत होते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। रायपुर के एक थाने में इसी तरह की घटना और हुई। कहने का आशय यह है कि अरुणदेव को मेजर सर्जरी करनी होगी। सरकार को भी एसपी, आईजी की पोस्टिंग में उनकी राय को वेटेज देना होगा। वरना, छत्तीसगढ़ की पोलिसिंग शीर्षासन मुद्रा में बनी रहेगी।

### पीएचक्यू में बदलाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे के बाद पुलिस मुख्यालय में भी कुछ बदलाव हो सकता है। सूबे के सबसे सीनियर आईपीएस अधिकारी पवनदेव को हाउसिंग कारपोरेशन में सवा पांच साल हो गए हैं। इतना टाईम तो टीआई और डीएसपी भी एक जगह नहीं टिकते। ऑल इंडिया सर्विस के अधिकारियों के लिए तीन-चार साल का समय स्ट्रीम होता है। पांच साल से अधिक समय तक एक ही कुर्सी पर बैठने से उसकी मानसिक स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसे समझा जा सकता है। ऐसे में, लगता है सरकार पवनदेव को कोई और पोस्टिंग दे सकती है। जीपी सिंह को भी ज्वाईनिंग के बाद अभी कोई पोस्टिंग नहीं मिली। अरुणदेव गौतम को प्रदेश पुलिस का मुखिया बनाने के बाद उन्हें होमगार्ड, फायर ब्रिगेड समेत कई जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं किया गया है। एफएसएल और अभियोजन खाली पड़ा है। इससे ऐसा लगता है कि सरकार डीजीपी को अन्य दायित्वों से अलग करते हुए उन्हें पोलिसिंग पर फोकस करने का मौका देगी। वैसे, कोई डीजीपी चाहता भी नहीं कि पुलिस का सुप्रीमो बनने के बाद कोई और चार्ज उसके पास रहे। ये तो ऐसा ही हुआ कि चीफ सिकरेट्री बना दिया और साथ में एक विभाग भी थमा दिया जाए। एएन उपध्याय के साथ भी ऐसा ही हुआ था। डीजी बनाने के बाद भी उनके पास काफी समय तक प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी रही।

### कलेक्टर, एसपी ट्रांसफर पर ब्रेक?

प्रधानमंत्री के दौरे के बाद सरकार तुरंत लोक सुराज अभियान का ऐलान करेगी। हो सकता है, नवरात्रि में ही इसकी घोषणा हो जाए। सचिवालय में इसकी युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। ऐसे में, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर लोक सुराज से पहले होगा या बाद में, सीन क्लीयर नहीं हो रहा है। वैसे, ट्रांसफर पर डिसिजन करना सीएम और उनके सचिवालय का काम है। मगर इसमें महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि ट्रांसफर की लटकी तलवार के चलते कई जिलों के कलेक्टर, एसपी काम करना लगभग बंद कर दिए हैं...उन जिलों में सिर्फ रुटीन के काम निबटाए जा रहे हैं। जाहिर है, जिन कलेक्टर्स, एसपी पर खतरे मंडरा रहे हैं, उनका काम में मन कैसे लगेगा? वे जब तक रहेंगे, सिर्फ खानापूर्ति ही होगा। सो, ट्रांसफर जितना लंबा खींचेगा, सिस्टम का उतना नुकसान होगा।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. डीजीपी अरुणदेव गौतम के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती पोलिसिंग है या कुछ और?
2. सीएस अमिताभ जैन और रिटायर डीजीपी अशोक जुनेजा में से कोई मुख्य सूचना आयुक्त बनेगा या किसी तीसरे की इंट्री होगी?

# अपनी लोकल में 500 यात्री कर सकेंगे सफर हर सीट में चार्जिंग, पीएम देंगे सौगात

- आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर मेमू स्पेशल सेवा का करेंगे शुभारंभ
- अभनपुर-रायपुर के बीच चलेगी अत्याधुनिक थ्री-फेज़ मेमू ट्रेन
- प्रधानमंत्री 7 रेलवे परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर से अभनपुर का सफर अब ट्रेन से यात्री कर सकेंगे। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोहभट्टा, बिलासपुर कार्यक्रम स्थल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर मेमू स्पेशल सेवा का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और 4 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिनकी कुल लागत 2,695 करोड़ है। पहले दिन यात्री निःशुल्क ट्रेन में सफर कर सकेंगे।

मेमू ट्रेन अत्याधुनिक थ्री-फेज़ मेमू रेक अभनपुर पहुंच चुकी है। ट्रेन में सफर करने यात्री भी उत्सुक हैं। भारतीय रेलवे के रोलिंग स्टॉक में आधुनिकता लाने और यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने की दिशा में तीन-फेज़ मेमू, मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट रेक की शुरुआत की गई है। अभनपुर-रायपुर रूट में भी अब यह ट्रेन आराम के साथ यात्रियों को एक नया अनुभव देगी।

### स्वच्छता और पर्यावरण अनुकूलता

प्रत्येक ट्रेलर कोच में पर्यावरण-अनुकूल बायो-टॉयलेट्स प्रदान किए गए हैं। 8 कोच में 500 से अधिक यात्री सफर कर सकते हैं। कुल यात्री क्षमता लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए कोच के अंदर बेहतर लेआउट प्रदान किया गया है।

### यात्रियों को मिलेगी कुशन वाली सीटें

प्रत्येक कोच में सौंदर्यपूर्ण इंटीरियर, कुशन वाली सीटें, बड़ी खिड़कियां, स्लाइडिंग दरवाजे और मोबाइल चार्जिंग सॉकेट उपलब्ध हैं। इसके अलावा जीपीएस-आधारित पीएपीआईएस (पब्लिक एड्रेस और यात्री सूचना प्रणाली) के तहत डिस्प्ले स्क्रीन और लाउडस्पीकर प्रत्येक कोच में लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को स्टेशन की जानकारी मिलती रहेगी। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है।

### रखरखाव में लगेगी कम लागत

थ्री-फेज़ मेमू की तकनीकी विशेषताएं अधिक हैं। यह ट्रेन कई आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें एयरोडायनामिक डिज़ाइन में ड्राइविंग मोटर कोच में वायुगतिकीय डिज़ाइन के साथ एयर-कंडीशन्ड ड्राइवर केबिन और एर्गोनॉमिक ड्राइवर डेस्क है। ऊर्जा दक्षता में पारंपरिक रेक की तुलना में यह कम ऊर्जा की खपत करता है और अधिक तेज़ी से गति पकड़ने और रोकने की क्षमता रखता है। न्यूनतम रखरखाव पर भी पारंपरिक रेक की तुलना में इसका रखरखाव कम लागत वाला और आसान है ।

### आधारशिला रखी जाने वाली 7 रेलवे परियोजनाएं

रसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन) – 6 किमी (लागत: 80 करोड़)
सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन) – 12 किमी (लागत: 168 करोड़)
दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन) – 16 किमी (लागत: 256 करोड़)
निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन) – 23 किमी (लागत: 347 करोड़)
भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन) – 12 किमी (लागत: 233 करोड़)
राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) – 31 किमी (लागत: 328 करोड़)
करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन) – 8 किमी (लागत: 95 करोड़)

राष्ट्र को समर्पित की जाने वाली रेलवे परियोजनाएं

राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन) – 48 किमी (राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन परियोजना का भाग, कुल 228 किमी) (लागत: 747 करोड़)
नई रेल लाइन –मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर –26 किमी (लागत: 353 करोड़)
दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) – 37 रेल किमी (लागत: 88 करोड़)
छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण

# चैंबर चुनाव की तारीख में बदलाव, सरगुजा में 14 व महासमुंद-रायगढ़ में 16 को होगा

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आवश्यक बैठक बुलाकर नई तारीख की घोषणा की**

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत शनिवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने आवश्यक बैठक बुलाई।

इस बैठक में उन्होंने सरगुजा, रायगढ़ और महासमुंद में होने वाले चुनाव की तारीख में बदलाव किया है। इनमें रायगढ़ और महासमुंद में 16 अप्रैल को तथा सरगुजा में 14 अप्रैल को चुनाव कराया जाएगा।

### महासमुंद के मतदाता अब महासमुंद में ही करेंगे वोट

महासमुंद जिले के मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पहले रायपुर में बनाया गया था। इस बैठक में महासमुंद की तारीख के साथ मतदान केंद्र को भी बदला गया है। महासमुंद के मतदाता अब अपना वोट महासमुंद स्थित मतदान केंद्र में ही 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कर पाएंगे। इसी प्रकार रायगढ़ में भी इसी तारीख को मतदान कराया जाएगा।

### प्रमाण पत्र मिलने तक नहीं करें निर्वाचित होने का प्रचार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में यह भी स्पष्ट निर्देश दिए है कि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है। अतः मतदान और मतगणना संपन्न होने तक आचार संहिता लागू है। इस दौरान जिन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी है वे भी निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र जारी होने तक प्रत्याशी ही रहेंगे, इसलिए स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार प्रसार न करें।

### मतगणना 18 को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना की तारीख 6 एवं 7 मई निर्धारित की गई थी, लेकिन जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री पद के लिए अधिकतर जिलों से केवल एक-एक प्रत्याशी के ही नाम आए हैं। इससे निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन रही है। इसे देखते हुए मतगणना 18 अप्रैल को रायपुर के चैंबर भवन में होगी।




# डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को करें साकार ALLEN Bilaspur के साथ।

ALLEN




## BATCHES STARTING FROM 3rd APRIL 2025

**LAST 3 DAYS LEFT**

**ENROLL TODAY!**
**Batches Starting Soon**

Appear In
**SPOT SCHOLARSHIP EXAM ON**
**31 March, 1 & 2 April**
& GET UPTO
**90% SCHOLARSHIP**

## ALLENites made history in 2024

IITs **4425** ALLENites out of 17692 seats in 2024

AIIMS (MBBS) **660** ALLENites out of 2207 seats in 2024

EVERY 4th SUCCESS STORY IS POWERED BY ALLEN

GMCs **10000+** ALLENites secured their seat in Govt. Medical Colleges (2024)

OLYMPIADS **150** out of 334 Selections in Indian National Olympiads (INO) 2025

**25 AIR#1** JEE & Pre-Medical in last 15 years from classroom

Join the league of toppers

# ADMISSIONS OPEN

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 7th to 12th & 12th Pass

ASAT के लिए रजिस्टर करें और पाएं 90% तक की स्कॉलरशिप*
06 & 13 APRIL

For class 10th to 11th moving
**NURTURE COURSE**
JEE (Main+Adv.): 03 & 23 APRIL
NEET (UG): 03 & 23 APRIL

For class 11th to 12th moving
**ENTHUSIAST COURSE**
JEE (Main+Adv.): 03 APRIL
NEET (UG): 03 APRIL

For class 12th Appeared/Pass
**LEADER COURSE**
JEE (Main+Adv.): 24 APRIL & 29 MAY
NEET (UG): 11 APRIL & 22 MAY

For class 12th Appeared/Pass
**CRASH COURSE**
NEET CRASH COURSE
26 MARCH

For class 7th to 10th moving
**PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION**
CLASS 7th To 10th:
27 MARCH & 23 APRIL

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

ALLEN Bilaspur Center:
Shri Balaji Emporium, 2nd floor, Above Westside, Opposite ICICI Bank, Main Road, Vyapar Vihar, Bilaspur

ALLEN SIP:
HSM Global Public School, Chawla Chambers, Near Gurudwara, Dayalband, Bilaspur

8951395460
allen.ac.in/bilaspur

Registered & Corporate Office:
ALLEN Career Institute Pvt. Ltd.
Sankalp, CP-6, Indra Vihar, Kota (Raj.)
0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जारी है नक्सलियों...

हथियार और गोला बारूद बरामद हुए हैं। 87 दिन में 117 हार्डकोर माओवादी मारे गए- वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध माओवादी विरोधी अभियान में 87 दिनों में कुल 117 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए गए। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में वर्ष 2025 में विभिन्न मुठभेड़ों के बाद कुल 22 नक्सली शव बरामद किए गए थे।

**मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर-**

बीजापुर। जिले के बासागुड़ा इलाके के टेकमेटला और नरसापुर के घने जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सूत्रों के मुताबिक डीआरजी और कोबरा 210 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर नरसापुर टेकामेटला की ओर निकली थी। इस दौरान सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर किया गया है। घटनास्थल से हथियार समेत विस्फोटक बरामद किया है।

### खौफ में नक्सली,...

यह भय सता रहा है कि गांव में मिलने जाने से पुलिस या गिरफ्तार कर लेगी या भय के चलते समर्पण कर देंगे। इसे देखते हुए नक्सलियों के गांव जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसका खुलासा नक्सलियों के डेरे से बरामद तेलगु, गोंडी व अन्य भाषाओं में लिखे पत्रों से हुआ है जो शीर्ष नक्सलियों द्वारा अलग अलग कमेटी के लिए जारी किया गया है।

**शीर्ष माओवादी व स्थानीय कैडरों के बीच विश्वास की कमी....-**

प्रतिबंधित माओवादी नेतृत्व न केवल मूल आबादी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है बल्कि अपने स्वयं के स्थानीय संवर्गों से भी विश्वासघात कर रहा है। हाल के गंभीर झटकों से डरे हुए शीर्ष माओवादी नेताओं और स्थानीय कैडरों के बीच विश्वास की भारी कमी है। माओवादी नेताओं के असली और क्रूर चेहरे को महसूस करने के बाद ग्रामीण अब सगठन में शामिल नहीं हो रहे है वहीं लोकल कैडर संगठन में रहने की बजाए समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे है।

सुंदरराज पी,
आईजी बस्तर।

### बिलासपुर के कारीगरों...

कारीगरों से आकर्षक लाइटिंग का काम कराया गया है। मंदिर मार्ग की सीढ़ियों से लेकर रास्ते में ऊपर मंदिर में रंग-बिरंगी एलईडी लाइट की सजावट विशेष रहेगी। इसके अलावा नीचे मंदिर में भी फूलों से सजावट कराई जा रही है। इस बार भी हर वर्ष की तरह प्रदेश के साथ ही देशभर एवं विदेश से भी भक्तों ने मंदिर में मनोकामना ज्योत रखने के लिए बुकिंग की है। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार लगभग साढ़े सात हजार मनोकामना ज्योत बम्लेश्वरी मंदिर में रखी जाएगी।

### फार्म हाउस के...

ने शनिवार सुबह डोंगरगढ़ के करवारी-लतमर्रा जानी वाली कच्ची सड़क में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में दबिश दी, जहां छापामार कार्रवाई के दौरान 3888 बल्क लीटर शराब के साथ-साथ अवैध बाटलिंग यूनिट का पर्दाफाश हुआ। फार्म हाउस के तल घर के नीचे पुलिस को सैकड़ों खाली शीशी मिली। जिसमें कोई स्टीगर नहीं लगा था। गोवा व्हीस्की का स्टीगर 180 एमएल शीशी में लगाने वाले व एक बंडल सील का रोल भी मौके पर बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि तल घर में अवैध बाटलिंग यूनिट का संचालन किया जा रहा था। मौके पर जो सामान बरामद किए गए हैं, उससे यह स्पष्ट है कि वहां दीगर राज्यों से शराब को लाकर खाली शीशी में छग का लेबल और सील लगाकर उसे अवैध रूप से बेचने का काम किया जा रहा था। 0 3888 बल्क लीटर शराब जब्त-डोंगरगढ़ टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि फार्म हाउस में अवैध बाटलिंग यूनिट के साथ-साथ मध्यप्रदेश की 3888 बल्क लीटर शराब भी जब्त की गई है। जिसमें साढ़े तीन सौ नग पेटी गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब प्रत्येक बोतल में साढ़े सात सौ एमएल भरी हुई मिली। प्रत्येक पेटी में 12 बाटल कुल 4200 बाटल शराब, मात्रा 3150 बल्क लीटर। जिसकी कीमत 22 लाख 89 हजार रुपए आंकी गई है। उसी तरह मध्यप्रदेश की सील लगी 14 नग पेटी बाम्बे स्पेशल व्हीस्की शराब प्रत्येक बोतल में साढ़े सात सौ एमएल जब्त की गई है। जिसकी कीमत 68 हजार 670 रुपए आंकी है। एमपी की गुलशन देशी मदिरा मसाला का पौवा प्लास्टिक, प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब भरी हुई। प्रत्येक पेटी में 50 पौवा कुल 2400 पौवा शराब, मात्रा 432 बल्क लीटर शराब कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए, एमपी की सील लगी 20 पेटी बाम्बे स्पेशल व्हीस्की शराब प्रत्येक पौवा में 180 एमएल शराब भरी हुई प्रत्येक पेटी में 50 पौवा कुल एक हजार पौवा शराब। जिसकी कीमत एक लाख 35 हजार रुपए आंकी गई है। कुल मिलाकर 3888 बल्क लीटर शराब। जिसकी कीमत 27 लाख 32 हजार 670 रुपए है।

### सिर्फ नींबू पानी...

गए हैं। इसके साथ ही 1200 से अधिक लोगों के भोजन, नास्ते और पानी की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए अलग से मोहभट्ठा मैदान में मेस बनाया गया है। आज 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर के मोहभट्ठा पहुंच रहे हैं। इससे पहले वे नागपुर में सभा लेंगे और दोपहर 3 बजे के करीब बिलासपुर पहुंचेंगे। बिलासपुर में पीएम मोदी करीब एक घंटे तक रहेंगे। इसके लिए उनके भोजन आदि की व्यवस्था में अधिकारी जुट गए थे। इसके लिए एक बड़े होटल को तैयार रहने भी कहा गया था। मीनू फाइनल होता, इससे पहले ही जानकारी मिल गई कि 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्रि में पूरे 9 दिन पीएम श्री मोदी उपवास रहेंगे। आनन-फानन में सब कैंसिल करते हुए जानकारी ली गई तो मालूम पड़ा कि उपवास के दौरान पीएम मोदी सिर्फ नींबू पानी पीते हैं। यह भी जानकारी मिली की पिछले करीब 45 साल से पीएम नरेन्द्र मोदी नवरात्रि का व्रत रखते हैं। सभास्थल और मंच को भगवा रंग से सजाया गया-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर दौरे पर रहेंगे। यहां बिल्हा ब्लॉक के मोहभट्टा में उनकी जनसभा होगी, जिसकी तैयारी अंतिम दौर पर है। एसपीजी की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभास्थल और आसपास के इलाकों को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रोटोकॉल के मुताबिक सभास्थल के पीछे वीवीआईपी लांज के साथ ही पीएम सचिवालय भी बनाया गया है। वहीं, सभास्थल और मंच को भगवा रंग से सजाया गया है। पीएम मोदी यहां एक घंटा रहेंगे। दरअसल जिस दिन पीएम मोदी की बिलासपुर में जनसभा होगी, उस दिन नवरात्र पर्व का पहला दिन है। साथ ही हिंदू नववर्ष की प्रतिपदा तिथि होगी। यही वजह है कि पीएम मोदी के मंच को भगवा रंग से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही सभास्थल और आसपास भगवा रंग का पंडाल बनाया गया है।

### नवरात्रि के 9...

सुशांत शुक्ला के मुताबिक उपवास के दौरान विदेश यात्रा का कार्यक्रम हो तो वहां भी वह उपवास नहीं तोड़ते और न ही उनकी ऊर्जा में कोई कमी दिखती है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान मोदी ने नवरात्रि के 9 दिनों में 13 राज्यों को छान डाला था। 22 हजार किलोमीटर का सफर किया और 23 रैलियों को संबोधित किया। उस समय चैत्र नवरात्रि के दौरान चुनाव प्रचार चरम पर था।

### चुनाव से पहले...

की थी। उसे 70 लाख महिलाओं को हर माह दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ आए और प्रचार में चुनावी वादों को पूरा करने की गारंटी दी थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सीएम साय ने किसानों के लिए जो वादा किया था, उसे पूरा किया। पीएससी की सीबीबाई जांच-चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से ऐलान किया था कि पीएससी परीक्षा में युवाओं के साथ की गई धोखाधड़ी की सीबीआई जांच कराकर दोषी लोगों को जेल भेजा जाएगा। वह वादा भी सीबीआई जांच की घोषणा कर सरकार ने पूरा किया है। मामले में जांच के बाद पीएससी अध्यक्ष और कुछ अन्य लोगों को मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### मस्क ने 'एक्स ...

मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि यह कदम एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को तलाशने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का मूल्य 33 अरब डॉलर आंका गया है। टेस्ला एवं स्पेसएक्स कंपनियों के मुखिया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार मस्क ने वर्ष 2022 में ट्विटर नामक साइट को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। उन्होंने इसकी नीतियों में बदलाव करने के साथ इसका नाम भी बदलकर 'एक्स' कर दिया था। उन्होंने एक साल बाद कृत्रिम मेधा पर आधारित मंच एक्सएआई को भी पेश किया था।

### एक्सएआई और एक्स...

की उन्नत क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाएं पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि साझा कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के मूल मिशन के प्रति सच्चा रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-लवली ड्रेसेस सीएमडी कालेज मैदान के बगल में, लिंक रोड, बिलासपुर में काम करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893361111, 7000103010 (37246)

**आवश्यकता है**-गर्ल्स वियर कपड़े दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन, हेल्पर चाहिए वेतन 5000 से 10000+ कमीशन मेहनती व्यक्ति मिलें- पूजा ड्रैसेस, खाटूश्याम मंदिर के आगे, मेन रोड जूना बिलासपुर 9755974442, 79996 91779 (37248)

**आवश्यकता है**-साथ में रहकर घरेलू कार्य/ लॉण्ड्री कार्य करने हेतु लड़को की। रहना खाना फ्री वेतन- योग्यता कार्य अनुसार केवल जरुरतमंद सम्पर्क करें-माँ उमा प्रेस (लॉण्ड्री) राजकिशोर नगर बिलासपुर 9238286967 (37252)

**आवश्यकता है**-होटल मे कार्य हेतु चाइनीज कुक, इंडियन कुक, तन्दूर कुक, किचन हेल्पर, रात में बर्तन और किचन धोने वालो की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करे- 7587176779 (37249)

**आवश्यकता है**-हाउस कीपिंग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, प्लम्बर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- किम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल बिलासपुर 76940 06583 (37243)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में तीन वर्ष के बच्चे के साथ खेलने के लिए 30 वर्ष से कम 24 घंटे साथ में रहने वाली को प्राथमिकता लड़की की आवश्यकता है संपर्क- 98263 07980 98938674 (37247)

**आवश्यकता है**-ड्राइवर की आवश्यकता है राज किशोर नगर में टैक्सी गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की जरूरत है, अनुभवी संपर्क करे- 70007 76725 वेतन 10000 भत्ता अलग से (37233)

**आवश्यकता है**-प्लाईवुड, हार्डवेयर, सनमाइका दुकान में मेहनती कार्य हेतु 8वीं पास व्यक्तियों एवं काउंटर संभालने हेतु शिक्षित सेल्सगर्ल/ सेल्समैन चाहिए। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- सरस्वती ट्रेडिंग एजेन्सी पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर (37229)

**आवश्यकता है**- कम्प्यूटर आपरेटर- 2 पद, ड्राइवर- 4 पद, सफाई कर्मचारी- 2 पद की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, मंगला रोड, बिलासपुर 9755440437, 6264125145 (37230)

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में कार्य करने हेतु कैशियर-1 पद, सेल्समेन- 4 पद की शीघ्र आवश्यकता है पता- ब्रांड बाजार मुंगेली नाका मैदान के सामने बिलासपुर 7441151111 (37220)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मां अम्बे रेडीमेड, आहूजा मोबाइल के आगे करबला रोड बिलासपुर 8959395941 (37224)

**आवश्यकता है**-डेंटल क्लीनिक में कार्य हेतु अटेंडर, साफ सफाई हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जी.वी. डेंटल क्लीनिक स्टेट बैंक के सामने राजकिशोर नगर एवं मंगला चौक बिलासपुर (37221)

**Wanted**- Job vacancy CA office Key Responsibilities handling GST Accounts in tally work in Excel, Ms word, Mail your CV- rapidbsp@gmail.com, Both Article & staff can apply (3409)

**आवश्यकता है**-कुशल लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर एवं हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्क करें- कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (37238)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ जिलों में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, गनमैन की आवश्यकता है। PF, ESIC मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 91099 30584, 9300803366 (37104)

**आवश्यकता है**-साड़ी/ रेडिमेड दुकान में कार्य हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आकांक्षा जींस बिलासा चौक के पास, शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 98278 87934 (37225)

**आवश्यकता है**- इलेक्ट्रीकल दुकान मे माल निकालने एवं कार्य करने हेतु युवक युवतियो की आवश्यकता हैं वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारती इलेक्ट्रीकल तेलीपारा मेनरोड बिलासपुर 9641114111 (37236)

**आवश्यकता है**-रेल्वे ठेके अंतर्गत प्राइवेट कंपनी में जीप चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क करें 6261113408, 9109310130, 7828947265 (37226)

**आवश्यकता है**-निजी प्रसूति चिकित्सालय में कार्य करने हेतुअनुभवी महिला नर्स नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है निवास की सुविधा उपलब्ध है सम्पर्क करें-9826134710, 7693807006 (37223)

**आवश्यकता है**-सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग हेतु युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-पारस इन्टरप्राइजेस गुप्ता गली, टिकरापारा, मन्नू चौक बिलासपुर 94255 30470 (37207)

**आवश्यकता है**- टेलीकॉलिंग हेतु लड़की की आवश्यकता है थोड़ा बहुत कम्प्यूटर का ज्ञान हो। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- एसके प्रोडक्ट्स इंडस्ट्रीयल एरिया सिरगिट्टी, बिलासपुर 6262679797, 8109963525 (1463)

**Wanted**-Bilaspur based road construction company requires Qualified Senior Civil Engineer (Exp 7 to 10 years in Road & structure) Contact- 11am to 6pm 91744 70000 Email- resume.anandi@gmail.com (37215)

**आवश्यकता है**-घरेलू कार चलाने के लिए ड्राईवर की आवश्यकता है जिसे सभी गाडियां चलाना आता हो अनुभवी व्यक्ति ही आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस सहित 12 से 5बजे तक सम्पर्क करे- 9109114978 (1465)

**आवश्यकता है**-एक अनुभवी ड्राइवर (इंट्रा, जीतो, कैसीनो चलाने हेतु एवं हमाली की आवश्यकता है स्थान- बिलासपुर वेतन योग्यता के अनुसार सम्पर्क करें- 88278 21421, 6268970045 (37216)

**आवश्यकता है**-सीए ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर अनुभवी एकाउंटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार पता- जी.एल. जैन एण्ड एसोसिएट्स, थर्ड फ्लोर, गौरव टॉवर, सेंट जेवियर स्कूल रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर 9630195928 (1464)

**आवश्यकता है**-अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पीटल मैनेजमेंट, ओटी टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ, एक्सरे टेक्नीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पीटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 (37219)

**Requirment**-Primary Middle School Teacher (Female) English, SST, Maths, Science, Sanskrit, Computer Qualification Graduate/ B.Ed /D.EL.Ed Candidate must be fluent in English Salary 5000 TO 10000 Candidates can submit thir resume through Whats App at 93407 61548, 6264973134 Add Krishnan Sr.Sec. School Sambalpuri, Sakri Bilaspur (37206)

**आवश्यकता है**-श्रीबालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेस मगरपारा रोड बिलासपुर में वर्कशॉप कार्य हेतु महिंद्रा मैकेनिक- 2पद, हुंडई टाटा मारुति मैकेनिक- 2पद, डेंटर- 2पद, दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियां 4पद सेल्समेन लड़का या लड़की 1पद सम्पर्क करें- सुबह 10 से 11 दोपहर 2 से 3बजे (1597)

**आवश्यकता है**- बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता-दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 (37126)

**आवश्यकता है**-एलईडी टीवी, स्टेबलाइजर, इंडक्शन कुकर, होम थिएटर इत्यादि सभी इलेक्ट्रॉनिक्स समानों को सुधारने हेतु टेक्नीशियन चाहिए सम्पर्क करें- श्रीशारदा इंटरप्राइजेस सिटी कोतवाली चौक के पास तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर 9425219963 (487)

**आवश्यकता है**-पेंड्रा में सीमेंट डिपो में लोडिंग, अन लोडिंग कार्य संभालने हेतु मैनेजर की आवश्यकता है सैलरी 8000 सम्पर्क करे- 9754002100 (3398)

**आवश्यकता है**-ड्राइवर की आवश्यकता है जो ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार स्थान- 73, लास विस्टा सोसायटी अमलीडीह रायपुर सम्पर्क करे- 9575042804 (3405)

**आवश्यकता है**-नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या- 975 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309 (745)

**आवश्यकता है**-मॅट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करे- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 6268331784, 7987392821 (3399)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 30 साल तक ऑफिस टाइम 10 से 5:30 सम्पर्क करे- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बृजवासी रेस्टोरेंट के पास राजेंद्र नगर बिलासपुर 9202588658 (3401)

**आवश्यकता है**-मल्टी नेशनल कंपनी के डिपो में काम करने हेतु मैनेजर गोडाउन इंचार्ज, असिस्टेंट, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12बजे तक दिए गए पते पर संपर्क करें- श्रीवासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, विकास गर्ग, अंबिका ऑटो सेल्स & सर्विस कैंपस अंबिकापुर 7828901614, 78289 01615 (3400)

**आवश्यकता है**-Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000-45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 8603301882 (747)

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें- 9202613238 (749)

**आवश्यकता है**-टेली कॉलिंग हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वीं पास सैलरी+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक के पास लिंक रोड बिलासपुर 96910 77324, 6266945733 (746)

**आवश्यकता है**-नौकरी का अवसर सिविल साइट सुपरवाइजर हमारी कंपनी में सिविल साइट सुपरवाइजर के लिए अवसर हैं, काम की जिम्मेदारियाँ- निर्माण स्थल पर कार्य प्रबंधन, टीम का नेतृत्व और मार्गदर्शन, गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक योग्यता- सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/ बी.टेक, 3-5वर्ष का अनुभव, आवेदन करें-79700 10958 (सरकंडा बिलासपुर) (3402)

**आवश्यकता है**-इंदौर मध्य प्रदेश में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th, 12th, ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000+ कमीशन, बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7898882634, 74154 55110 (311)

## वाहन बेचना है

**वाहन बेचना है**-मारुति सियाज कार बेचना है। दिसम्बर 2018 मॉडल। एकदम सही कंडीशन। 62000 किलो मीटर चली है। सम्पर्क करें- अग्रवाल 9300416538 (37228)

## बेचना है

**बेचना है**-25×50= 1250 वर्गफुट डाइवर्टेड प्लॉट प्लीन्थ लेबल पूर्ण, बोर किया हुआ, नक्शा पास डबल रोड में तत्काल बेचना है। पता- गणेश विहार, साईं आनंदम के पास उसलापुर बिलासपुर 93405 82883, 9301227779 (37240)

**बेचना है**-मोपका गणपति होम्स कॉलोनी में 1050 वर्गफीट में निर्मित 2BHK स्वतंत्र पूर्व मुखी मकान बेचना है कीमत 35 लाख कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें- 9685833889 (3389)

**बेचना है**-हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

**बेचना है**-रतनपुर केरा तालाब से लगा हुआ पूर्व मुखी 20 फीट रोड पर 44×55= 2420 वर्गफीट का प्लाट अति शीघ्र बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 9407912771, 88272 88033 (37234)

**बेचना है**-देवरीखुर्द मंगल विहार कालोनी में न्यूकंस्ट्रक्शन 3BHK डबल मंजिल मकान शानदार लोकेशन कार पार्किंग 3बेड रूम हॉल किचन बालकनी कीमत 35लाख में बेचना है सम्पर्क करें- 93012 27779 (37251)

**बेचना है**-हेमू नगर, नारायणी टावर के पीछे गणेश चौक के पास नया मकान 3BHK डुप्लेक्स 3बाथरूम, 2हॉल, कार पार्किंग, किचन, पूजा रूम, 3कमरा मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9098251177, 7000719162 (37250)

## खरीदना

**खरीदना है**-प्लाट या मकान (नया/पुराना) बजट (1 करोड़ तक) मंगला, उस्लापुर शांति नगर, रामा लाईफ, आसमां सिटी, नेहरू नगर, पारिजात, ओमनगर, नर्मदा नगर, घुरू अमेरी संपर्क करें 94076 19765 (37241)

## किराया

**किराया**- मकान किराये पर देना है भूतल 5 कमरे, किचन, लेटबाथ, आंगन आगे पीछे प्रथम तल 2 हाल, 2 बेडरूम किचन, लेटबाथ, बाल्कनी, छत। नौकरी, परिवार को प्राथमिकता सम्पर्क- 98271 50429, 7987450893 (37239)

## शैक्षणिक

**समर स्पेशल**- सिंगिंग, पेंटिंग, शतरंज सीखिए! किसी भी उम्र के बच्चे, महिला/ पुरुष ऊपर दिये कला/ खेल को सीखना चाहते हैं तो नीचे दिये नम्बर पर सम्पर्क करें- 9329606341, 9301253444 (37242)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## वैवाहिकी

## वधु चाहिए

वधु चाहिए
उम्र 39 वर्ष 5'-5"
स्वयं का बिजनेस
इंकम 20000
जाति महार
हेतु वधु चाहिए
पता ओम नगर
जरहाभाठा बिलासपुर
7999764615

**वधु चाहिए**- अग्रवाल युवक उम्र 25 वर्ष रंग गोरा इकलौता स्वंय का घर ऊंचाई 5फीट 5" शुद्ध शाकाहारी हेतु शाकाहारी वधु चाहिए। व्यवसाय स्वयं का व्यवसाय है। जाति बंधन नही शादी मन्दिर में करना है दहेज नही चाहिए मों. 7049784336 (7067)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9826038170

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST For All Ad

**EDUCATION SPECIAL-** Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

सत्यमेव जयते
भारत सरकार





# छत्तीसगढ़

## निवासियों की प्रगति एवं सशक्तिकरण हेतु

₹ 33,700 करोड़ से अधिक की

## विद्युत, तेल, गैस, रेलवे, सड़क, शिक्षा और आवास से जुड़ी विकास परियोजनाओं का उपहार

# श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

रविवार, 30 मार्च, 2025 | 12:30 बजे | मोहभट्ठा, बिलासपुर छत्तीसगढ़

### शिलान्यास

**एनटीपीसी सीपत सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-III (1X800 मेगावाट)**
समुदायों के सशक्त भविष्य के लिए विश्वसनीय और सस्ती विद्युत आपूर्ति

**विशाख रायपुर पाइपलाइन परियोजना – एचपीसीएल**
**कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में शहरी गैस वितरण परियोजना – बीपीसीएल**
स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने हेतु गैस व पेट्रोलियम उत्पाद वितरण का विस्तार

**7 रेलवे परियोजनाओं में अतिरिक्त ट्रैक (कुल 108 किमी)**
**एनएच–130डी के कोंडागांव–नारायणपुर खंड का 2 लेन के साथ पेव्ड शोल्डर उन्नयन (48 किमी)**
निवासी और व्यापार के लिए सुविधाजनक, आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी

### कार्य प्रारंभ

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (2X660 मेगावाट) एससीटीपीपी स्टेज–IV कोरबा पश्चिम**
औद्योगिक विकास और लोगों की प्रगति के लिए राज्य की विद्युत आपूर्ति को मजबूती

### राष्ट्र को समर्पण

**पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना के तहत 3 पावर ट्रांसमिशन परियोजनाएँ – पीजीसीआईएल**
जीवन को बेहतर बनाने और व्यवसाय विकास को गति देने के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करना

**3 रेलवे परियोजनाएँ – कुल 111 किमी | छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण**
**एनएच 43 और एनएच 930 पर 2 सड़क परियोजनाएं – कुल 112 किलोमीटर, 2 लेन के साथ पेव्ड शोल्डर**
सुगम यात्रा और आर्थिक विकास के लिए स्थानीय परिवहन को समृद्ध बनाना

**विद्या समीक्षा केंद्र – रायपुर**
**29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल**
छात्रों के लिए उच्च–गुणवत्ता, समग्र और समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा

### गृहप्रवेश

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी

**प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (PMAY-G) के तहत 3 लाख लाभार्थी**
ग्रामीण परिवारों के लिए उचित आवास तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार

### हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ (वीडियो लिंक के माध्यम से)

**अभनपुर – रायपुर खंड के बीच मेमू ट्रेन सेवा (वाया मंदिर हसौद)**
क्षेत्र में आवागमन की सुविधा को बढ़ावा

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री रमेन डेका** – राज्यपाल, छत्तीसगढ़
**श्री विष्णु देव साय** – मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
**श्री नितिन जयराम गडकरी** – केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
**श्री शिवराज सिंह चौहान** – केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री
**श्री मनोहर लाल** – केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री
**श्री धर्मेंद्र प्रधान** – केन्द्रीय शिक्षा मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**श्री हरदीप सिंह पुरी** – केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री
**श्री तोखन साहू** – केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री
**श्री अरूण साव** – उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
**श्री विजय शर्मा** – उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

DD NEWS पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें




# इंडियंस की लगातार दूसरी हार, गुजरात ने दर्ज की पहली जीत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 36 रन से हराकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस की दो मैच में यह दूसरी हार है।टाइटंस के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। टाइटंस ने साई सुदर्शन की 63 रन की पारी तथा कप्तान शुभमन गिल (38) के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 78 और जोस बटलर (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 196 रन बनाए।

शीर्ष तीन बल्लेबाजों के अलावा गुजरात के अन्य बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए जूझना पड़ा और सिर्फ शेरफेन रदरफोर्ड (18) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। मुंबई की ओर से कप्तान हार्दिक पंड्या सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और सत्यनारायण राजू को एक-एक विकेट मिला। गुजरात ने अहमदाबाद में मुंबई को लगातार चौथे मैच में हराया है।



## अहमदाबाद में गिल के 1000 रन पूरे

शुभमन गिल को अहमदाबाद का यह मैदान कितना रास आता है, यह किसी के छुपा नहीं है। इस मैदान पर गिल ने हर प्रारूप में शतक लगाया है। शनिवार को चाहर के ओवर में चौके के साथ ही शुभमन गिल ने इस मैदान पर 1000 आईपीएल रन भी पूरे कर लिए। गिल ने 20 पारियों में इस आंकड़े को छुआ। सबसे कम पारियों में एक मैदान पर 1000 रन का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 19 पारियों में एक हजार रन बनाए थे।

## हार्दिक की वापसी

मैच में मुंबई के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी हुई और उन्होंने गेंद से कमाल दिखाया। हार्दिक ने विरोधी कप्तान शुभमन गिल और शाहरुख खान का विकेट लिया। हार्दिक ने शाहरुख को वाइड गेंद फेंकी और शाहरुख बाउंड्री पर खड़े तिलक वर्मा के हाथों में शॉट मार बैठे। हार्दिक की अनुपस्थिति में पिछले मैच में सूर्यकुमार यादव ने टीम की कप्तानी की थी और मुंबई को चेन्नई के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

खास खबर

# 10 गुना बेहतर है आरसीबी टीम का संतुलन : एबीडि



**चेन्नई।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शानदार शुरुआत को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डि विलियर्स का मानना है कि उम्दा शुरुआत से आगे आसीबी का काम आसान हो जाएगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर सत्रह साल बाद हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के लिए खेल चुके डिविलियर्स ने अपने पॉडकास्ट 'एबी डिविलियर्स 360' में कहा, 'इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है। पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था। यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था।'

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए मुश्किलभरा दिन



**अम्मान।** सुजीत कलकल को छोड़कर भारत के अन्य पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों को शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहली बाधा पार करने में भी संघर्ष करना पड़ा। तीन भारतीय पहलवानों को रेपेचेज के जरिए अपनी दावेदारी के लिए इंतजार करना होगा। सुजीत ने 65 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए फलस्तीन के अब्दुल्ला असफ को तकनीकी दक्षता से हराया लेकिन वह जापान के काइसेई तनाबे के डिफेंस को नहीं भेद सके। सुजीत को रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक के लिए दावा पेश करने का मौका मिलेगा।

सुपर संडे का दूसरा डबल हेडर मैच आज

# टर्निंग पिच पर टकराएंगी सुपर किंग्स और रॉयल्स, जीत दर्ज करने पर नजर

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों अपने गढ़ चेपॉक पर 17 साल बाद मिली हार से हतप्रभ चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रविवार को गुवाहाटी की टर्निंग पिच पर राजस्थान रॉयल्स से होगा तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी ने चेन्नई के लचर क्षेत्ररक्षण और खराब बल्लेबाजी का फायदा उठाते हुए 50 रन से जीत दर्ज की। गुवाहाटी की विकेट चेपॉक की तरह है जिस पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करना उतना मुश्किल नहीं होगा चूंकि उसके पास इतना मजबूत गेंदबाजी आक्रमण नहीं है। रियान पराग को कप्तानी का उतना अनुभव भी नहीं है।

## गेंदबाजी आक्रमण धारदार नहीं

चेन्नई का गेंदबाजी आक्रमण भी इस बार उतना धारदार नहीं लग रहा। मथीषा पथिराना और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद ने शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन भारतीय गेंदबाज नाकाम ही रहे हैं। खलील अहमद नई गेंद के उतने प्रभावी गेंदबाज नहीं हैं। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा इस प्रारूप में अब उतने खतरनाक नहीं रह गए। वैसे मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती ने जिस तरह केकेआर के लिए यहां के हालात का बखूबी फायदा उठाया, उसी तरह अश्विन और जडेजा भी चेन्नई के लिये उपयोगी साबित हो सकते हैं।



## आरआर में धुरंधर बल्लेबाज नहीं

रॉयल्स के बल्लेबाजों संजू सैमसन, पराग, शुभम दुबे, नीतिश राणा और ध्रुव जुरेल के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। रॉयल्स के पास जोस बटलर जैसा धुरंधर विदेशी बल्लेबाज नहीं है। वहीं तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा जैसे भारतीय गेंदबाजों में आत्मविश्वास का अभाव है। उनके पास कोई उच्च कोटि का स्पिनर भी नहीं है और इस समय दो कमजोर टीमों के मुकाबले में चेन्नई का पलड़ा भारी लग रहा है।

## राहुल की वापसी, दिल्ली की नजरें दूसरी जीत पर





**विशाखापत्तनम।** लखनऊ सुपर जाइंट्स पर शानदार जीत दर्ज करने और भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी के साथ आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स रविवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। अपने अभियान की शानदार शुरुआत के बाद सनराइजर्स को गुरुवार को लखनऊ टीम के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। अब अपने मैदान से बाहर कप्तान पैट कमिंस पर टीम की मोर्चे से अगुवाई का दारोमदार होगा। दूसरी ओर दिल्ली की टीम राहुल की वापसी से मजबूत हुई है। अपने अपार अनुभव के बावजूद उन्होंने कप्तानी नहीं करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी अक्षर पटेल को सौंपी गई।

# अदानी-पीजीटीआई गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी का शुभारंभ



अहमदाबाद। अदानी समूह भारत में पुरुषों के पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मंजूरी देने वाली संस्था प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के साथ साझेदारी में 'अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप 2025' के शुभारंभ के साथ भारतीय पेशेवर गोल्फ में प्रवेश करने के लिए तैयार है।

अदानी समूह की इस पहल का उद्देश्य गोल्फ की पहुंच को बढ़ावा देना और व्यापक बनाना तथा मुख्य धारा के खेल के रूप में इसकी स्थिति को ऊपर उठाना और साथ ही भारत से वैश्विक चैंपियन की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। यह साझेदारी अहमदाबाद के बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अदानी-पीजीटीआई संयुक्त गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना तक विस्तारित है।

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA**

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- 247/Pt.RSS Nagar/2025 Korba, Dated:- 26.03.2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 166291 (1st Call) | Providing, Lowering, Laying, jointing, tesating & commissioning of under ground sewerage network for ward No. 22 & 24 of Korba Town with 3 months trial run. | Rs. 1154.10 Lakh |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 26.03.2025. at 17.30 Hours. (IST) onwards.

Superintending Engineer
Municipal Corporation, Korba (C.G.)

### न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से रौंदा

**नेपियर।** मार्क चैपमैन (132 रन) और डेरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में नौ विकेट पर 344 रन बनाकर पाकिस्तान को 73 रन से परास्त किया। चैपमैन ने तीसरा वनडे शतक जमाकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटकों से निकाला। न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर तक तीन विकेट गंवा दिए थे। न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले पाकिस्तान मूल के मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंद में 50 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में पदार्पण पर किसी खिलाड़ी का सबसे तेज अर्धशतक है।

**रांची मंडल में एसएलआर पार्सल वैन के लिए ई-नीलामी**

**अधिसूचना संख्या: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक: 28.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटेलॉग को पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी:** पार्सल। **कैटेलॉग संख्या: आरएनसीपार्सल36। परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल से यात्रा शुरू करने वाली 33 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा एसएलआर डिब्बे को पट्टे पर देने के लिए 57 अदद परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 07.04.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 08.04.2025 को दोपहर 12.10 बजे। **द्रष्टव्य:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। उपरोक्त उल्लिखित कैटेलॉग के अधीन लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-1291) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सिगनलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या:202-एसटी-टेंडर-2024, दिनांक: 25.03.2025. कार्य:** टीटीआर से संबंधित एसएंडटी कार्य (सेट में)–सीएस–49, टीडब्ल्यूएस–137, सीएमएससी–37, डीएस–30, टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी–31, सीएस+सीएमएससी–75, टीडब्ल्यूएस+सीएमएससी– 13, एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी –05 और एफएस + सीएस + सीएमएससी – 01 एसएसई/सिग/शहडोल के अंतर्गत। **निविदा मूल्यः** ₹4,03,07,900.74 (₹ चार करोड़ तीन लाख सात हजार नौ सौ चौहत्तर पैसे मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 3,51,500/- (₹ तीन लाख इक्यावन हजार पांच सौ मात्र)। **निविदा जमा होने की तिथिः 21.04.2025 के 15.00** बजे तक।

उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

*मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./*
सीपीआर/10/590 (सीआईसी),बिलासपुर

South East Central Railway @secrail




## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5820



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5819 का हल



## सूडोकु नवताल - 5830

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5829 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

INDIA'S 13th PRIVATE UNIVERSITY WITH "UGC12(B)"

# SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
## RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA

(Approved by UGC U/S 2(f) of the UGC Act-1956)

25th YEARS OF EXCELLENCE
ESTD. 2000 | SRI GROUP

APPROVED & RECOGNIZED BY:

Dream Big, Learn Bigger

SRU's the Trigger

ADMISSIONS OPEN 2025-26



**Programmes Offered :**

- **Engineering** (Diploma, B.Tech., M. Tech., Ph.D.)
- **Pharmacy** (D. Pharma, B. Pharma, M. Pharma, Ph.D.)
- **Science** (B.Sc., M.Sc., B. Optometry, M. Optometry, Bsc MLT, Ph.D.)
- **Arts** (B.A., M.A., Ph.D.)
- **Commerce & Management** (B. Com., M. Com., BBA, MBA, Ph.D.)
- **Education** (B.Ed, B.Ed-Special Edu., D.Ed-Special Edu., B.P.Ed, BPES, MPES, Ph.D.)
- **Law** (BA.LL.B., B. Com. LL.B., LL.B., LL.M., Ph.D.)

- **65 Acre** Lush Green Campus
- **8000+** National and International Students
- Separate Hostels for Boys & Girls **(AC / Non-AC Rooms)**
- **100%** Campus Placement Drive
- Global **National & International** Collaborations
- **Research and Innovations**
- **National Excellence Partnerships**
- **Advance Learning Infrastructure**
- **Career Development**
- **Scholarship Schemes**
- **Hassle-free payment plans with multiple options**

7222910411

NH-30, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India
Follow on : / sruraipurindia /shrirawatpurasarkar

SRI SCHOOL "SMART EDUCATION WITH GREAT VALUES"

**SHRI RAWATPURA SARKAR**
INTERNATIONAL SCHOOL KUMHARI, DURG

Affiliated To CBSE
www.srischool.ac.in

Scan for Enroll

For more Info:
Call +91 7222910441, 9993561510

Awarded by: BRITISH COUNCIL

A Special Tie-up WhiteHat Jr Live Online Classes for Joyful Learning



**Admissions Open**
for the session **2025-26** for Nursery to Class XII

50% Discount on **Admission Fees**

**Other Institutes Associated with Shri Rawatpura Sarkar Lok Kalyan Trust (SRLKT)** **For Contact : 7222910430**

| Kumhari | Raipur | Bilaspur | Nava Raipur | Mandla | Sagar | Jabalpur | Chitrakot | Jhansi | Dham |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Pharmacy<br>Nursing<br>Education | Nursing<br>Education<br>ITI | Nursing | MBBS<br>Nursing<br>Paramedical | Nursing<br>**Shahdol**<br>Nursing | Pharmacy<br>Education<br>Sanskrit Edu. | Pharmacy<br>Paramedical | Pharmacy<br>Education<br>ITI | Pharmacy<br>Education<br>ITI / BA | Education<br>Sanskrit Edu. |

## कोर्ट के आदेश पर लुटेरी दुल्हन और उसकी मां के खिलाफ हुई एफआईआर

**रायपुर।** कोर्ट के आदेश पर मुजगहन थाने की पुलिस ने एक महिला तथा उसकी मां के खिलाफ ठगी तथा ब्लैकमेलिंग का अपराध दर्ज किया है। जिस महिला और उसकी मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, उस



महिला पर आरोप है कि उसने अपनी मां के साथ मिलकर कई लोगों के साथ बगैर तलाक लिए शादी की और उनके जेवर चोरी करने के साथ ही पीड़ित को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर फिरौती की मांग की। बोरियाकला निवासी डाकेश्वर देवांगन ने आरंग निवासी पूजा देवांगन उर्फ गीतांजली तथा उसकी मां गायत्री देवांगन के खिलाफ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा बेक की कोर्ट में परिवाद दायर किया था। डाकेश्वर ने कोर्ट में बताया कि उसने पूजा के साथ शादी की थी। शादी के बाद डाकेश्वर की पत्नी ज्यादातर समय अपने मायका में रहती थी। साथ ही पूजा डाकेश्वर के साथ रहने से बचती थी। इस पर डाकेश्वर को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह हुआ और उसने अपनी पत्नी के बारे में जानकारी एकत्रित की।दूसरे से संपर्क होने पर मिली जानकारी डाकेश्वर अपनी पत्नी तथा सास के बारे में जानकारी एकत्रित कर रहा था, इस दौरान डाकेश्वर की मुलाकात पुरुषत्तम देवांगन से हुई।

## सीए समुदाय ने कहा- हम सरकार के साथ

# साय बोले- चार्टर्ड अकाउंटेंट्स विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के निर्माण में बनें अग्रणी भागीदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापक आर्थिक सुधारों के कारण भारत आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जीएसटी और कर सुधारों ने टैक्स व्यवस्था को सरल बनाया है और राजस्व संग्रहण को मजबूत किया है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भारत की इस विकास यात्रा में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने में भी उनकी भागीदारी अहम होगी। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के निर्माण में भी अग्रणी भागीदार बनें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बौद्धिक वर्ग हमेशा नई तकनीकों को अपनाता है और एआई ऐसी ही एक गेम-चेंजर तकनीक है। उन्होंने माना कि एआई न केवल सीए पेशे को और सशक्त करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की गुणवत्ता व गति को भी बढ़ाएगा।

उन्होंने एआई से जुड़ी संभावनाओं और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री श्री साय ने आईसीएआई की स्थापना को भारतीय अकाउंटिंग क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि 1949 में 1600 लोगों के साथ शुरू हुआ यह संस्थान आज चार लाख से अधिक सदस्यों का मजबूत संगठन बन चुका है, जो देशभर में आर्थिक उत्तरदायित्व निभा रहे हैं।

### नई औद्योगिक नीति से बढ़ा निवेश

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की चर्चा करते हुए कहा, यह नीति निवेशकों के लिए आकर्षक है और सभी वर्गों का ध्यान रखती है। अब तक 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। उन्होंने बताया, प्रदेश में लिथियम जैसे दुर्लभ खनिज की उपलब्धता और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की स्थापना से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा, पिछले 15 महीनों में राज्य सरकार ने कई दूरदर्शी फैसले लिए हैं, जिससे प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध हो रहा है।

### विकसित भारत में देंगे योगदान

आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने संस्था की स्थापना (1949) से लेकर अब तक की विकास यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने चार्टर्ड एकाउंटेंट के कार्य से जुड़ी चुनौतियों और दायित्वों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि देश के सभी सीए मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी, सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए पंकज शाह, सीए अभय छाजेड़, रायपुर ब्रांच के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा सहित आईसीएआई के रायपुर, भिलाई, बिलासपुर और रायगढ़ ब्रांच सहित देश के अलग अलग राज्यों के सदस्य उपस्थित थे।

## गैंगस्टर तपन के भांजे को हत्या के संदेह में पुलिस ने धरा, पार्षद का लड़ा था चुनाव

**भिलाई।** प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर तपन सरकार के गुर्गे अवतार मरकाम नामक युवक की शुक्रवार की रात अज्ञात नकाबपोशों ने चिखली स्थित इंदर ढाबा चाकू घोपकर हत्या कर दी। जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने हत्या के मामले में गैंगस्टर तपन सरकार के भांजे आकाश मजूमदार उर्फ सोना और उसके कुछ साथियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आकाश ने बीते नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ा था।



जानकारी के अनुसार जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र स्थित इंदर ढाबा चिखली में शुक्रवार की रात तकरीबन साढ़े दस बजे सिकोला भाठा निवासी अवतार मरकाम की चार-पांच अज्ञात नकाबपोशों ने चाकू से घोपकर हत्याकर दी। अवतार मरकाम को सिर, कान व गले में गंभीर चोटे आई है। गंभीर अवस्था में दोस्तों ने श्रीशंकराचार्य मेडिकल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। चिखली ढाबा अवतार और आकाश अपने दोस्तों के साथ खाना-पीना कर रहे थे। तभी चार-पांच लोग कपड़े से मुंह बांधकर वहां पहुंचे और अवतार मरकाम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया। अवतार को गले, कान, सिर पर गंभीर चोटे आई। लहूलुहान व जमीन पर गिर गया और हमलावर फरार हो गए। मौके पर मौजूद दोस्तों ने श्रीशंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लेकर अवतार को गए।

### पुराना विवाद सुलझाने पहुंचा था ढाबा

पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक अवतार मरकाम छत्तीसगढ़ के गैंगस्टर तपन सरकार का ही गुर्गा है और शुक्रवार की रात किसी पुराने विवाद को सुलझाने गैंगस्टर के भांजे आकाश मजूमदार ने कॉल करके अवतार को ढाबा बुलाया था।

## गांजा तस्करी के लिए दो बच्चों ने स्कूटी से किया 722 किलोमीटर का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पारिश्रमिक की लालच में आकर 19 वर्षीय और 17 वर्षीय बालक ने बनारस से लेकर ओडिशा के सम्बलपुर तक 577 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद वापसी में 145 किलोमीटर का सफर ही तय कर पाए थे कि जशपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के घात में दोनो बच्चे फंस गए।

नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर तपकरा पुलिस ने 15 किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। तस्कर अपना रहे तस्करी के नए- नए हथकंडे लेकिन पुलिस की मुखबिरी तंत्र के सामने सब फेल हो जा रहा है। तस्कर ओडिशा राज्य से अवैध मादक पदार्थ गांजा को स्कूटी में छुपाकर ओडिशा से उत्तर प्रदेश की ओर ले जा रहे थे। जब्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की बाजार में



**गाजीपुर के 2 बच्चों को पुलिस ने हिरासत में लिया**

की जुपिटर स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा को छुपाकर ओडिशा राज्य से तपकरा, कुनकुरी के रास्ते से होते हुए अवैध गांजा को बिक्री करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम बनाकर तपकरा से कुनकुरी मार्ग के बीच साजबहार बिट्टू ढाबा के पास मेन रोड में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग के दौरान स्कूटी की डिक्की को चेक करने पर उसमे 4 पैकेट में भूरे रंग के टेप से लिपटा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। इस प्रकार पुलिस के द्वारा कुल 15 पैकेट में 15 किलो 350 ग्राम अवैध मादक पदार्थ को बरामद कर जब्त कर लिया गया है।

### 3 लाख का गांजा हुआ बरामद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जप्त गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस के द्वारा स्कूटी सवार दो आरोपी विशाल मौर्य, उम्र 19 वर्ष, निवासी पठान टोला, थाना मऊ जिला मऊ (उत्तर प्रदेश) एवं 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना तपकरा में 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**हाईकोर्ट ने कहा- यदि किसी चश्मदीद की गवाही विश्वसनीय हो तो उसे मामूली विरोधाभासों के आधार पर खारिज नहीं कर सकते**

# 7 आरोपियों को आजीवन कारावास, 25 से अधिक सशस्त्र नक्सलियों ने की थी ग्रामीण की हत्या

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने 2005 में हुई हत्या के एक मामले में निचली कोर्ट द्वारा बरी करने के फैसले को पलट कर 7 अभियुक्तों को दोषी ठहराया है और आजीवन कारावास की सजा दी है। हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय दिया कि यदि किसी घायल चश्मदीद गवाह की गवाही विश्वसनीय हो और अन्य साक्ष्यों से उसकी पुष्टि होती हो, तो केवल मामूली विरोधाभासों के आधार पर उसे खारिज नहीं किया जा सकता।

प्रकरण के अनुसार बस्तर के कांकेर क्षेत्र में 17-18 मार्च 2005 की रात लगभग 25 सशस्त्र नक्सलियों ने ग्रामीण रघुनाथ के घर पर हमला किया। अभियुक्त सूरजराम, नोहर सिंह, धनीराम, दुर्जन, चैतराम, रामेश्वर



और संतोष भी इस दल में शामिल थे। मृतक का बेटा लच्छूराम, जो खुद भी घायल हुआ था उसने एफआईआर दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि रघुनाथ को रस्सियों से बांधकर, डंडों और लात-घूंसों से पीट-पीट कर मार डाला गया। लच्छूराम को भी बांधकर पीटा गया और बाद में उसने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

### निचली अदालत ने किया था बरी

पोस्टमार्टम में रघुनाथ के सीने पर चाकू से वार और भीतरी रक्तस्राव को मृत्यु का कारण बताया गया, जिसे डॉक्टर ने हत्या पाया। ट्रायल के दौरान कांकेर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्तों को संदेह का लाभ देते हुए 2010 में बरी कर दिया था। कोर्ट ने गवाहों की गवाही में विरोधाभास और कुछ नामों को एफआईआर में देर से जोड़ने को आधार बनाया। निचले कोर्ट के इस निर्णय को 10 फरवरी 2010 को राज्य शासन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### घायल व्यक्ति सामान्यतः सच ही बोलेगा

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान मृतक के बेटे लच्छूराम और मृतक की पत्नी पिचोबाई की गवाहियों के साथ-साथ मेडिकल और फॉरेंसिक साक्ष्यों की भी समीक्षा की। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि घायल गवाह की गवाही को केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि उसमें कुछ मामूली विरोधाभास हैं। यदि अन्य आपराधिक साक्ष्य उसकी पुष्टि करते हैं तो उस आधार पर दोषसिद्धि की जा सकती है।

## हृदय रोगी प्राचार्य को हाईकोर्ट से बड़ी राहत ट्रांसफर आदेश रद्द

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हृदय रोग से पीड़ित एक प्राचार्य को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश को निरस्त कर दिया है। याचिका के मुताबिक स्कूल शिक्षा सचिव ने स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा के प्राचार्य विजय कुमार वर्मा का ट्रांसफर प्रभारी बीईओ पेंड्रा के पद पर किया था। इस आदेश के खिलाफ वर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभिषेक पांडेय और स्वातिरानी सराफ ने कोर्ट में दलील दी कि वर्मा हृदय रोग से पीड़ित हैं। वे बीईओ पद की कठिन ड्यूटी नहीं कर सकते। साथ ही, उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रभारी बीईओ रविंद्रनाथ चंद्रा के स्थानांतरण पर भी कोर्ट का स्टे आदेश है। हाईकोर्ट ने दो कारणों से याचिका स्वीकार की। पहला, याचिकाकर्ता की स्वास्थ्य स्थिति और दूसरा, मौजूदा बीईओ के ट्रांसफर पर स्टे। कोर्ट ने वर्मा को पुनः स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा में प्राचार्य पद पर बहाल करने का आदेश दिया।

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों से चर्चा कर संगठन को राहुल देंगे मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में लगातार हार के बाद कांग्रेस ने अब अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। इसके



- 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के 36 जिला संगठन के अध्यक्ष होंगे शामिल

तहत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सभी प्रदेशों के जिला अध्यक्षों से चर्चा कर जिला, ब्लाक और मंडल स्तर तक का फीड ले रहे हैं। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राहुल गांधी 3 दिन में 700 संगठन जिले के अध्यक्षों से चर्चा करेंगे।

छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में लगातार हार के बाद कांग्रेस ने अब अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के 36 जिला संगठन के जिला अध्यक्षों से दिल्ली में चर्चा करने वाले हैं। प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को इसका निमंत्रण मिल चुका है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की नई रणनीति के तहत आने वाले दिनों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पॉवरफुल होंगे। ऐसी चर्चा है कि कांग्रेस हाई कमान जिला अध्यक्षों को विशेष अधिकार देने की तैयारी में है। आने वाले चुनाव में टिकट वितरण में जिलाध्यक्षों की भूमिका सुनिश्चित होगी। वहीं सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने की भी जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को मिलेगी।

### 16 साल बाद हाईकमान कर रहा सीधी बात

रायपुर शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि सभी जिला अध्यक्षों को बैठक का आमंत्रण मिल चुका है। सभी को अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक और मंडल स्थल तक की सारी जानकारी लेकर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि 16 साल बाद कांग्रेस हाई कमान द्वारा जिला अध्यक्षों से सीधी बात की जा रही है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

### सिस्टम में बदलाव पर होगी चर्चा

बैठक का मुख्य मकसद पार्टी को बूथ लेवल पर मजबूत करना है, जहां कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल गांधी जिला अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे। पूरे देश से करीब 700 से ज्यादा जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष दिल्ली पहुंच रहे हैं। बैठक में प्रस्तावित सिस्टम के बदलाव पर चर्चा होगी, इसके बाद इसे अहमदाबाद में होने वाली कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में रखा जाएगा।

## राज्य शासन के तीन अधिकारियों को अवमानना नोटिस

डीकेएस जिला अस्पताल रायपुर में पदस्थ डा प्रवेश शुक्ला को सेवा में कमी का आरोप लगाकर पद से हटा दिया गया था। हाईकोर्ट ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी याचिकाकर्ता को सेवा में वापस नहीं लेने पर एकलपीठ ने तीन प्रमुख अफसरों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब माँगा है। अगली सुनवाई अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में होगी।

शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर को इलाज कराने रायपुर सेंट्रल जेल से जिला अस्पताल लाया गया, वहां से उसे एम्स रायपुर रेफर करने पर डॉ. प्रवेश शुक्ला को सेवा में कमी का आरोप लगा शासन ने हटा दिया गया था। साथ ही गोलबाजार थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। इसके खिलाफ एडवोकेट संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि बगैर विभागीय जांच कराए और उसे उसे सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए बिना कलंकपूर्ण आदेश पारित कर उसकी सेवा समाप्त की गई। इस आदेश से उनका करियर चौपट हो जाएगा। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इस आदेश को निरस्त कर दिया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने कई बार सचिव सहित सभी अधिकारियों को नौकरी में वापस दिए जाने का आवेदन दिया लेकिन इसकी सुनवाई नहीं हो सकी और ना ही वेतन भुगतान किया गया। इस पर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई। जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा की एकलपीठ में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित कटारिया , कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल और डा शिप्रा शर्मा अस्पताल अधीक्षक डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर को अवमानना नोटिस जारी कर पूछा है कि , क्यों न आपके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। अगली सुनवाई अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में निर्धारित की गई है।

## दांडिक प्रकरण के लम्बित होने पर भी सेवानिवृत्ति लाभ को अनिश्चित काल के लिए रोका नहीं जा सकता

हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि दांडिक प्रकरण के लम्बित होने पर भी सेवानिवृत्ति लाभ को अनिश्चित काल के लिए रोका नहीं जा सकता। कोर्ट ने पेंशन नियम 64 के अनुसार अविवादित सेवानिवृत्ति लाभ जारी करने का आदेश भी जारी किया है।


- हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

याचिकाकर्ता विजय कुमार परिवहन विभाग में सेवारत थे। सेवाकाल में ही उनपर एक दांडिक प्रकरण प्रकरण संस्थित की गई तथा सक्षम न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया था। दांडिक प्रकरण के विचारण के दौरान वे सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्हें समस्त सेवानिवृत्ति लाभ से यह कहकर वंचित किया गया कि उनके विरुद्ध एक दांडिक प्रकरण लंबित है तथा दांडिक प्रकरण के अंतिम निराकरण के पश्चात ही उनकी सेवानिवृत्ति लाभ जारी की जाएगी। इसके विरुद्ध याचिकाकर्ता विजय कुमार के द्वारा अधिवक्ता सुशोभित सिंह एवं सी आर साहू के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की गई। याचिका में बताया गया कि कर्मचारी को सेवानिवृत्ति लाभ को अनिश्चित काल के लिए विभाग द्वारा रोका नहीं जा सकता। याचिका में बताया गया कि पेंशन नियम 64 के अनुसार कर्मचारी को सेवानिवृत्ति तथा अन्य लाभ की पात्रता होगी। याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया कि याचिकाकर्ता को मिलने वाले सेवानिवृत्ति लाभ का पेंशन नियम के अनुसार निराकरण किया जाए तथा अविवादित सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान किया जाए।










## कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी रीचार्ज कराने पर ही मिलेगी बिजली

**रायपुर।** प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को अब आने वाले समय में मोबाइल की तरह रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 15 लाख मीटर लग चुके हैं। आने वाले



दो से तीन माह में जिन कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं, उनको प्रीपैड करने की तैयारी है। ऐसा हो गया तो छत्तीसगढ़ बिजली के कनेक्शनों को प्रीपैड करने वाला देश का तीसरा राज्य हो जाएगा। इस समय बिहार और असम में रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलती है। अब छत्तीसगढ़ में भी ऐसा होने वाला है, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार से मंजूरी का ही इंतजार है।

### पोस्टपैड कनेक्शन होंगे बंद

स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही एलटी वर्ग के सभी उपभोक्ताओं के अब तक चल रहे पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। लेकिन अभी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनके ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे, सबके कनेक्शन प्रीपैड होते चले जाएंगे। जिनके भी मीटर प्रीपैड होंगे, उनको बिजली का उपयोग करने से पहले मोबाइल की तरह ही रीचार्ज कराना होगा, तभी बिजली मिलेगी।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com